RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रुबरु

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 अंक-252 जयपुर, रविवार, 08 मार्च 2026 मूल्य-4 रुपये

### सीएम भजनलाल शर्मा ने किया कोटा ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट का शिलान्यास

# हाडोती में खुलेंगे निवेश, पर्यटन और रोजगार के नए द्वार

कोटा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शंभूपुरा में आयोजित कार्यक्रम में कोटा-बूंदी ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट का शिलान्यास किया। साथ ही नौनेरा वृहद पेयजल परियोजना और परवन-अकावद वृहद पेयजल परियोजना के लिए भूमि पूजन भी किया। कार्यक्रम में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के राम मोहन नायडू, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री एवं कोटा जिले के प्रभारी मंत्री गौतम कुमार दक, ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर मौजूद रहे।

कार्यक्रम में पीएम नरेंद्र मोदी का वीडियो संदेश सुनाया गया। पीएम ने कहा- आज का दिन कोटा, बूंदी, बारां, झालावाड़ सहित पूरे हाड़ौती क्षेत्र के लिए नई आशा और एक नई उपलब्धि का दिन है। मोदी ने कहा- कोटा शिक्षा का ही नहीं, ऊर्जा का भी केंद्र है। मोदी ने कोटा कचोरी, कोटा डोरिया, कोटा स्टोन सेंड स्टोन, सहित कोटा व आसपास के जिलों के धार्मिक स्थलों का जिक्र किया।





### एयरपोर्ट खोलेगा विकास के नये रास्ते: लोकसभा स्पीकर

लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा इस क्षेत्र के लोगों की ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट की मांग थी। इस बात को लेकर लंबे समय तक अलग-अलग शासन के अंदर प्रयास हुए। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोटा की धरती पर 2023 में जो वादा किया था। उसको पूरा किया। सीएम भजनलाल शर्मा ने लोकसभा चुनाव में कहा था। कोटा के एयरपोर्ट का सपना पूरा होगा। और वह सपना पूरा हुआ। बिरला ने कहा कोटा वह धरती है, जहां रोड कनेक्टिविटी,रेल कनेक्टिविटी है, अब एयर कनेक्टिविटी बनेगी। यहां देश में सबसे ज्यादा पानी है। चंबल मां का आशीर्वाद है। और बिजली का सबसे बड़ा उत्पादन क्षेत्र है। इसीलिए एयर कनेक्टिविटी बनने के साथ ही कोटा के विकास के नए द्वार खुलेंगे। इसी एयरपोर्ट के पास रीको ने 600 हेक्टेयर जमीन डेवलप करने का लक्ष्य लिया है। ताकि आने वाले समय में इंडस्ट्री के नए द्वार खुलेंगे। आने वाले समय में कोटा आईटी का बड़ा हब बनेगा। आज मुझे खुशी है। 2 साल बाद चाहे इंडस्ट्री सेक्टर हो, कृषि प्रोसेसिंग प्लांट का सेक्टर हो,चाहे पर्यटन का क्षेत्र हो, इन सारे क्षेत्र के अंदर विकास के नए द्वार खुलेंगे और कोटा देश के अंदर सबसे तेजी से बढ़ता हुआ हाडोती क्षेत्र होगा। मुख्यमंत्री ने वादा किया है। हर खेत तक पानी पहुंचेगा और हर घर तक पीने का पानी पहुंचेगा।

### दो वर्ष में रोडमैप बनाकर हर वर्ग का किया विकास: सीएम

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने दो वर्ष पहले प्रदेश की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर किसान, मजदूर, महिला, गरीब और युवा के उत्थान के लिए रोडमैप तैयार किया था। हमारी सरकार किसानों की जल आवश्यकता की पूर्ति के लिए काम कर रही है। रामजल सेतु लिंक परियोजना एवं यमुना जल समझौते पर काम हो रहा है। वहीं, इंदिरा गांधी नहर परियोजना एवं गंगनहर के माध्यम से पर्याप्त जलापूर्ति की व्यवस्था के लिए भी काम किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो कहते हैं, वह करते हैं। पीएम नरेंद्र मोदी कोटा की धरती पर कह कर गए थे, कि कोटा में एयरपोर्ट बनेगा। यह मोदी जी है कोटा में एयरपोर्ट बनेगा। जो कहते हैं वह करते हैं और जो करते हैं वही कहते हैं। कोटा की गरम-गरम कचौरी बिरला जी आपके पास पहुंचेगी। क्योंकि जब एयर कनेक्टिविटी हो जाएगी तो आप कहेंगे, जाइए गरमा-गरम बनवाकर कर लाइए, यह काम भी हमारा होने वाला है।

### हड़ौती क्षेत्र के लिए नई आशा और एक नई उपलब्धि का दिन

*कार्यक्रम में पीएम नरेंद्र मोदी का वीडियो संदेश सुनाया गया। पीएम ने कहा कि मुझे पिछले हफ्ते ही राजस्थान की यात्रा पर आने का अवसर मिला था। अजमेर की पावन धरती से राजस्थान के विकास से जुड़े हजार करोड़ से जुड़े प्रोजेक्ट का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस कार्यक्रम में राजस्थान के 21000 से ज्यादा नौजवान साथियों को नियुक्ति पत्र भी सौंप गए थे। आज मुझे कोटा से जुड़े हुए महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट को शुरू करने का अवसर मिल रहा है। एक ही हफ्ते में राजस्थान में विकास के दो बड़े कार्यक्रमों का बहुत बड़ा संदेश है। यह बताता है कि आज राजस्थान किस गति से आगे बढ़ रहा है।आज का दिन कोटा, बूंदी,बारां, झालावाड़ सहित पूरे हाड़ौती क्षेत्र के लिए नई आशा और एक नई उपलब्धि का दिन है। मोदी ने कहा कि कोटा शिक्षा का ही नहीं,ऊर्जा का भी केंद्र है। मोदी ने कोटा कचोरी,कोटा डोरिया, कोटा स्टोन सेंड स्टोन, सहित कोटा व आसपास के जिलों के धार्मिक स्थलों का जिक्र किया।*

### हर 45 दिन में प्रधानमंत्री ने एयरपोर्ट खोलने का काम किया: राममोहन

*केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने कहा- साल 2014 में नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने। तब देश में 74 एयरपोर्ट थे, जो पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बढ़कर 167 हो गए, मतलब दोगुना से भी ज्यादा। इसका मैंने दूसरी तरीके से कैलकुलेशन किया। कैलकुलेशन के मुताबिक, हर 45 दिन में देश के प्रधानमंत्री ने एयरपोर्ट खोलने का काम किया है।*

## टी20 विश्व कप की फाइनल जंग आज

अहमदाबाद

बेहद प्रतिभाशाली और लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली भारतीय टीम पर न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप के फाइनल में इतिहास रचने की उम्मीदों का बोझ होगा, भले ही सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम का पलड़ा भारी माना जा रहा है। दुनिया के सबसे बड़े स्टेडियमों में से एक नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में भारत को 19 नवंबर 2023 को बड़ा झटका लगा था जब वह ऑस्ट्रेलिया से वनडे विश्व कप का फाइनल हार गया था। तब भारत ने भावुक नम आंखों वाले रोहित शर्मा को ड्रेसिंग रूम की सीढ़ियों पर चढ़ते हुए देखा था।



केवल भारतीय टीम ही नहीं बल्कि स्टेडियम में मौजूद 93000 दर्शक भी सन्न रह गए थे। भारत ने हालांकि 2024 में रोहित शर्मा की कप्तानी में टी20 विश्व कप जीतकर इसकी काफी हद तक भरपाई कर दी थी। अब खेल के सबसे छोटे प्रारूप की भारतीय टीम सूर्यकुमार की कप्तानी में खिताब का बचाव करने और इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी को तीन बार जीतने वाली पहली टीम बनने की कोशिश करेगी।

## इरान ने कतर और जॉर्डन का अमेरिकी डिफेंस सिस्टम तबाह किया

तेहरान

पश्चिम एशिया में युद्ध की विभीषिका में एक तरफ अब तक 1400 से अधिक लोगों ने जान गंवाई है, तो दूसरी तरफ ईरान ने कतर और जॉर्डन जैसे पश्चिमी एशियाई देशों में हजारों करोड़ की लागत से बनाई गई अमेरिकी सुरक्षा प्रणाली को नेस्तनाबूद कर दिया है।

ईरान के हमलों से जुड़ी रिपोर्ट्स के मुताबिक हमले के जवाब में किए गए पलटवार की सबसे ताजा घटना जॉर्डन में की गई स्ट्राइक है, जहां थाड रडार सिस्टम को नष्ट करने का दावा किया जा रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक थाड रडार सिस्टम की लागत करीब 300 मिलियन अमेरिकी डॉलर यानी लगभग 22 हजार करोड़ रुपये है। इस संबंध में आई खबरों के मुताबिक ईरान की तरफ से जॉर्डन के मुवफ्फाक साल्टी हवाई अड्डे पर हमला किया गया। इस स्ट्राइक में अमेरिका की हजारों करोड़ की प्रणाली नष्ट हो गई।



### मुवफ्फक साल्टी एयर बेस पर हमला

ईरान के हमले से जॉर्डन के मुवफ्फक साल्टी एयर बेस पर संयुक्त राज्य अमेरिका का बहु-करोड़ रडार सिस्टम नष्ट हो गया। आरटीएक्स कॉर्प का एएन/टीपीवाई-2 रडार और सहायक उपकरण अमेरिकी थाड मिसाइल रक्षा प्रणालियों के लिए महत्वपूर्ण है। यह अमेरिकी मिसाइल रक्षा बैटरियों को निर्देशित करने में अहम भूमिका निभाता है। अमेरिकी टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस (थाड) सिस्टम को वायुमंडल के किनारे पर बैलिस्टिक मिसाइलों को नष्ट करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह कम दूरी की पैट्रियट मिसाइल सिस्टम बैटरियों की तुलना में अधिक जटिल खतरों को रोक सकता है। एएन/टीपीवाई-2 रडार के कथित तौर पर निष्क्रिय होने से अवरोधन का कार्य पैट्रियट बैटरियों पर चला जाएगा। पैट्रियट बैटरियों में पीएसी-3 इंटरसेप्टर मिसाइलों का स्टॉक पहले से ही सीमित है।

## घरेलू गैस सिलेंडर 60 रुपए महंगा

जयपुर

ईरान-अमेरिका के बीच मध्य-पूर्वी (खाड़ी देशों) देशों में चल रहा युद्ध का असर भारत पर दिखना शुरू हो गया। तेल-गैस कंपनियों ने भारत में आज घरेलू और कॉमर्शियल उपयोग के सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी की है। घरेलू उपयोग का रसोई गैस सिलेंडर 60 रुपए, जबकि कॉमर्शियल सिलेंडर 114 रुपए महंगा हुआ है। जबकि रिफिल बुकिंग के लिए 21 से 25 दिन का नियम लागू किया गया है।

तेल कंपनियों से जारी नई रेट्स के मुताबिक घरेलू एलपीजी सिलेंडर 60 रुपये महंगा होने के बाद कोटा में आज से घरेलू गैस 934 रुपए में मिलेगा। जबकि कॉमर्शियल सिलेंडर 1953 रुपए में मिलेगा।



### बुकिंग के लिए 21 दिन का नियम लागू

एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष चंद्रेश शर्मा ने बताया कि वर्तमान की स्थिति को देखते हुए घरेलू ग्राहकों को वास्तविक जरूरत को पूरा करने के लिए अस्थाई उपाय के रूप में पिछले डिलीवरी से अगले इनवॉइस (बिल) के बीच 21 दिनों का नियम लागू किया गया है।

## जींद की फैक्ट्री में आग, 4 महिलाओं की मौत

### मेन गेट पर बाहर से ताला लगा था, बाहर नहीं निकल पाए लोग

जींद

हरियाणा के जींद में शनिवार को होली के गुलाल और रंग बनाने वाली फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। हादसे में 4 महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 20 मजदूर झुलस गए। इनमें ज्यादातर महिलाएं हैं।

घटना सफीदों की भाट कॉलोनी की है। आरोप है कि फैक्ट्री के मेन गेट पर बाहर से ताला लगा हुआ था। जब फैक्ट्री में आग लगी तो मजदूर बाहर नहीं निकल पाए।



सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घायलों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

अभी यह नहीं पता चल पाया है कि आग कैसे लगी। सूचना पर DC मोहम्मद इमरान रजा और स्क्र कुलदीप सिंह भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। जानकारी के अनुसार, सफीदों की भाट कॉलोनी में स्थित एक रंग फैक्ट्री में शनिवार को अन्य दिनों की तरह लगभग 30 मजदूर काम कर रहे थे। तभी अचानक आग लग गई और कुछ ही मिनटों में यह पूरे परिसर में फैल गई। चारों ओर धुएं और आग की लपटें उठने के कारण मजदूरों में चीख-पुकार मच गई।

## टोंक में 2 समुदायों के पक्षो में पथराव, 7 गिरफ्तार

टोंक

टोंक शहर के पुरानी टोंक थाना क्षेत्र के देशवाली मोहल्ले में शुक्रवार रात करीब 9 बजे दो पक्षों के बीच कहासुनी के बाद झगड़ा हो गया। इसके बाद एक पक्ष ने एक बस्ती पर पथराव कर दिया, जिससे इलाके में तनाव का माहौल बन गया।

बताया जा रहा है कि विशेष समुदाय के तीन-चार युवक किसी बात को लेकर झगड़ रहे थे और झगड़ते हुए एक मोहल्ले में पहुंच गए।



वहां मौजूद लोगों ने उन्हें मोहल्ले में झगड़ा नहीं करने और अपने क्षेत्र में जाने की बात कही।

उससे नाराज होकर झगड़ रहे तीन चार युवक एक समाज के लोगों से झगड़ा करने लगे और उन्होंने यह अफवाह फैला दी 2 धर्मों के लोगों के बीच झगड़ा हो गया।

### बजट सत्र का दूसरा चरण 9 मार्च से

## पहले दिन ही आएगा स्पीकर को हटाने का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** संसद का बजट सत्र का दूसरा चरण 9 मार्च से शुरू होकर 2 अप्रैल तक चलेगा। भाजपा और कांग्रेस दोनों ने अपने लोकसभा सांसदों को 9 से 11 मार्च तक सदन में मौजूद रहने के लिए 3-लाइन व्हिप जारी किया है। कांग्रेस ने अपने सांसदों से कहा है कि वे इन दिनों सदन में मौजूद रहें क्योंकि लोकसभा स्पीकर को हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा की संभावना है। वहीं भाजपा ने भी सांसदों को मौजूद रहने का निर्देश दिया है। विपक्ष ने स्पीकर ओम बिरला को पद से हटाने के लिए प्रस्ताव का नोटिस दिया है। विपक्ष के 118



सांसदों ने इस प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए हैं। हालांकि तृणमूल कांग्रेस के सांसदों (29) ने इस नोटिस पर हस्ताक्षर नहीं किए।

वहीं, तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने अपनी पार्टी के चेयरपर्सन के निर्देश के अनुसार अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन करने का मन बना लिया है। सूत्रों के मुताबिक ञस्ष्ट सांसद लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ वोट करेंगे। आरोप है कि स्पीकर बिरला ने सदन की कार्यवाही चलाने में पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया और विपक्षी नेताओं को बोलने का मौका नहीं दिया।

बजट सत्र के दूसरे चरण में वैश्विक संघर्ष और उसके प्रभाव संसद में गतिरोध का कारण बन सकते हैं। विपक्षी दल रूसी तेल की खरीद जारी रखने में अमेरिका के दावे को आधार बनाकर संसद में भी इन आरोपों के साथ चर्चा कराना चाहेगा कि भारत अमेरिका के दबाव में है, क्योंकि राहुल गांधी इस मुद्दे को तूल दे भी रहे हैं।

## केदारनाथ से कन्याकुमारी तक खदेड़े जाएंगे घुसपैठिए: शाह



### 3 पाकिस्तानी शरणार्थियों को दी नागरिकता

हरिद्वार

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह हरिद्वार में आयोजित राज्य सरकार के '4 साल बेमिसाल' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उत्तराखंड को अटल बिहारी वाजपेयी ने बनाया था और अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसे संवार रहे हैं। केदारनाथ धाम से लेकर कन्याकुमारी तक पूरे देश में जहां-जहां घुसपैठिए हैं, उन्हें चुन-चुनकर भारत से बाहर निकालने का काम किया जाएगा। अमित शाह एक दिवसीय दौरे पर उत्तराखंड पहुंचे हैं। देहरादून के जॉलीग्रांट एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उनका स्वागत किया।

### बंगाल में कॉन्फ्रेंस की जगह बदलने पर राष्ट्रपति नाराज

## राज्य सरकार आदिवासियों का भला नहीं चाहती: मुर्मु

### पीएम बोले- यह शर्मनाक, ऐसा कभी नहीं हुआ

कोलकाता (एजेंसी)।

उत्तर बंगाल के सिलीगुड़ी में आयोजित नौवें अंतरराष्ट्रीय संताल सम्मेलन में शामिल होने पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कार्यक्रम के दौरान पश्चिम बंगाल सरकार की प्रशासनिक व्यवस्था और प्रोटोकॉल को लेकर नाराजगी जताई।

उन्होंने मंच से अप्रत्यक्ष रूप से राज्य प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि सम्मेलन के आयोजन में कई तरह की बाधाएं पैदा की गईं, जिससे आयोजकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। शनिवार को बागडोगरा हवाई अड्डे पर पहुंचने के बाद राष्ट्रपति सीधे गोसाईपुर स्थित कार्यक्रम स्थल गईं और इसके बाद विधाननगर में आयोजित मुख्य सम्मेलन में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि विधाननगर में पर्याप्त जगह होने के बावजूद सुरक्षा कारणों का हवाला देकर शुरू में यहां सम्मेलन की अनुमति नहीं दी गई। इस वजह से आयोजकों को कार्यक्रम स्थल चार बार बदलना पड़ा, जो कि किसी बड़े सांस्कृतिक और सामाजिक आयोजन के लिए उचित स्थिति नहीं मानी जा सकती।



राष्ट्रपति मुर्मू ने भावुक अंदाज में मुख्यमंत्री ममता का उल्लेख करते हुए कहा कि वे उन्हें अपनी बहन की तरह मानती हैं और स्वयं को भी बंगाल की बेटी मानती हैं। इसके बावजूद यदि इस प्रकार की प्रशासनिक बाधाएं खड़ी होती हैं तो यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों को सहयोग व प्रोत्साहन मिलना चाहिए, क्योंकि ये आदिवासी समाज की संस्कृति, पहचान और परंपराओं को सशक्त करने का मंच प्रदान करते हैं। राष्ट्रपति ने कार्यक्रम स्थल की व्यवस्था पर हल्की नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि उन्होंने देखा कि संताल समुदाय के कई लोग सम्मेलन कक्ष के बाहर घूम रहे थे और ऐसा लग रहा था कि उन्हें अंदर आने से रोका जा रहा है। उन्होंने कहा कि इतने बड़े अंतरराष्ट्रीय आयोजन में संताल समुदाय के सभी लोगों की खुली भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। राष्ट्रपति ने प्रोटोकॉल के मुद्दे को भी उठाया। उन्होंने कहा कि नियम के अनुसार देश के राष्ट्रपति के आगमन पर हवाई अड्डे पर मुख्यमंत्री या राज्य सरकार के किसी वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री की मौजूदगी अपेक्षित होती है।

## जैसलमेर में पारा 38 डिग्री पहुंचा, राजस्थान में हीटवेव का अलर्ट

जयपुर

राजस्थान में गर्मी तेज हो गई है। दिन का पारा सामान्य से 9 डिग्री सेल्सियस ऊपर दर्ज हो रहा है। शुक्रवार को जैसलमेर में अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। वहीं, मौसम विभाग ने अगले सप्ताह से पश्चिमी राजस्थान में तेज हीटवेव चलने की संभावना जताते हुए 9, 10 मार्च का यलो अलर्ट जारी किया है। साथ ही अगले एक सप्ताह में प्रदेश में मौसम साफ रहने और तेज गर्मी पड़ने की संभावना है। शुक्रवार को सबसे अधिक अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस जैसलमेर और चित्तौड़गढ़ में दर्ज हुआ। राज्य के गंगानगर इलाके में शुक्रवार दिन का अधिकतम तापमान सामान्य से 9.4 डिग्री ऊपर दर्ज हुआ। जबकि जैसलमेर में तापमान सामान्य से 7.5 डिग्री ऊपर, चूरू में 7.3, जयपुर में 6.7, बीकानेर में 6.9, जोधपुर, कोटा में 4.9, अजमेर में 5.6 और बाड़मेर में 5.1 डिग्री ऊपर दर्ज हुआ। अरब सागर में बने एंटी साइक्लोन सिस्टम जो लम्बे समय से एक्टिव है उसके कारण राजस्थान समेत गुजरात, हरियाणा और मध्य प्रदेश समेत अन्य राज्यों में समय से पहले गर्मी की शुरूआत हुई।



## 590 करोड़ के बैंक घोटाले में दो प्रमुख आरोपित गिरफ्तार

पंचकूला (एजेंसी)। एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने 590 करोड़ रुपये के बैंक घोटाले में दो प्रमुख आरोपित रिभव ऋषि और अभय कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट से 7 दिन का रिमांड मांगा था, लेकिन 6 मार्च तक रिमांड मंजूर हुआ। जांच में अब तक कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस पुलिस के कब्जे में लिए जा चुके हैं। अधिकारियों का कहना है कि सरकारी धन को फर्जी कंपनियों और बैंक खातों के जरिए कई परतों में ट्रांसफर किया गया, जिससे सरकारी खजाने को करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ। जांच में सामने आया कि आरोपितों ने स्वास्तिक, कैप को फिनटेक और एसआरआर प्लानिंग जैसी शेल कंपनियों का उपयोग किया। पहली परत में इन कंपनियों के कई बैंक खाते सामने आए, जबकि दूसरी परत में सैकड़ों अन्य खातों का नेटवर्क उजागर हुआ। पुलिस और एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम इस घोटाले की गहन जांच कर रही है। दस्तावेजों और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसों की जांच से और भी लिंक और पैसों के ट्रांसफर का रास्ता सामने आने की संभावना है।

## गैलन में पेट्रोल-डीजल भरवाकर रख रहे लोग, यूपी में तेल खत्म होने की अफवाह

बाराबंकी (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के कई जिलों में पेट्रोल और डीजल को लेकर अफवाहों ने लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित कर दी है। लखीमपुर खीरी और बाराबंकी में पेट्रोल पंपों पर अचानक लंबी कतारें लग गई हैं, लोग गाड़ियों के साथ-साथ ड्रम, कैन और गैलन लेकर तेल भरने पहुंचे। यह स्थिति अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इज़राइल और ईरान के बीच तनाव और युद्ध की खबरों के बाद सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों के कारण उत्पन्न हुई। लोगों के बीच यह धारणा बन गई कि अगर युद्ध लंबा खिंच गया, तब पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति प्रभावित हो सकती है, जिससे दाम बढ़ सकते हैं या तेल खत्म हो सकता है। लखीमपुर खीरी में निघासन और भीरा क्षेत्र के पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़ देखी गई। लोग घंटों लाइन में खड़े होकर पेट्रोल और डीजल भरवा रहे थे। सोशल मीडिया पर इन स्थितियों के वीडियो तेजी से वायरल हो रहे हैं, जिनमें पंप कर्मचारियों के लिए भीड़ को नियंत्रित करना मुश्किल दिखाई दे रहा है। पंपों पर लोगों के बीच जल्द तेल भरवाने की होड़ और धूप में लंबी कतारें स्पष्ट रूप से डर और बेचैनी को दिखा रही हैं। बाराबंकी में भी स्थिति अलग नहीं थी। श्री विष्णु नारायण फिलिंग सेंटर, आजगना, सद्दीपुर थाना जहांगीराबाद और तहसील फतेहपुर स्थित नेशनल ट्रेडिंग कंपनी पेट्रोल पंप पर किसानों और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। किसानों ने खेती के मौसमी काम के लिए डीजल जरूरी बताया और इसे लेकर वे अधिक मात्रा में तेल जमा कर रहे हैं। कई किसानों ने कहा कि लाइन में डेढ़ से दो घंटे से खड़े हैं। आम लोग भी अपनी जरूरत के अनुसार पेट्रोल भरवाने आए थे, लेकिन लंबे इंतजार की वजह से परेशान हो गए। पेट्रोल पंप कर्मचारियों के लिए भी यह चुनौतीपूर्ण साबित हो रहा है।

## ड्रग तस्कर इकबाल मेमन की मुंबई और दुबई में मौजूद 700 करोड़ की संपत्ति की कुर्की की तैयारी

मुंबई (एजेंसी)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भगौड़े आर्थिक अपराधी अधिनियम (एफईओ) के तहत विशेष पीएमएलए अदालत में याचिका दायर कर मुंबई और दुबई में दिवंगत ड्रग तस्कर इकबाल मेमन और उनके परिवार की करीब 700 करोड़ रुपये की 15 संपत्तियों को स्थायी रूप से जब्त करने की मांग की है। याचिका में वर्ली स्थित संपत्तियां शामिल हैं, जिसमें राबिया मेंशन, मरियम लॉज और सी व्यू प्रॉपर्टीज शामिल हैं, साथ ही दुबई में करीब 15 संपत्तियां भी शामिल हैं, जिसमें बुर दुबई में होटल मिडवेस्ट अपार्टमेंट और बिजनेस बे और डीईसी टावर्स में एक दर्जन से अधिक वाणिज्यिक और आवासीय इकाइयां शामिल हैं।

## केंद्रीय मंत्री शाह के हरिद्वार दौरे को लेकर तैयारियां तेज, सीएस और डीजीपी ने लिया जायजा

हरिद्वार (एजेंसी)। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के 7 मार्च को प्रस्तावित हरिद्वार भ्रमण कार्यक्रम को लेकर शासन-प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए शनिवार को मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ और गृह सचिव शैलेश बगौली सहित प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारियों ने बैरागी द्वीप स्थित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने कार्यक्रम की सुरक्षा से लेकर बुनियादी सुविधाओं तक की गहन समीक्षा की और संबंधित विभागों को समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए।

## चारधाम यात्रा 2026 के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू... तीन तरीकों से घर बैठे कराएं पंजीकरण

देहरादून (एजेंसी)। (ईएमएस)। उत्तराखंड में चारधाम यात्रा 2026 के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालु अब घर बैठे मोबाइल, कंप्यूटर, मोबाइल एप या वॉट्सएप के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। इस बार रजिस्ट्रेशन सभी यात्रियों के लिए अनिवार्य किया गया है, ताकि प्रशासन यात्रियों की संख्या, सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन को सुचारू रूप से संभाल सके। इस साल यात्रा की शुरुआत 19 अप्रैल 2026 से हो रही है। यमुनोत्री और गंगोत्री धाम के कपाट इसी दिन श्रद्धालुओं के लिए खुलने है। जबकि केदारनाथ धाम के कपाट 22 अप्रैल और बद्रीनाथ धाम के कपाट 23 अप्रैल को खुलने है। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन तीन तरीकों से होगा है। पहला, उत्तराखंड सरकार की वेबसाइट पर जाकर अकाउंट बनाना और यात्रा की जानकारी देकर रजिस्ट्रेशन स्लिप डाउनलोड करना। दूसरा, टूरिस्ट केयर उत्तराखंड मोबाइल एप के जरिए अकाउंट बनाने के बाद यात्रा विवरण भरकर यात्रा पास डाउनलोड करना। तीसरा, वॉट्सएप के माध्यम से रजिस्ट्रेशन: 8394833833 पर फ़यात्राफ़ मैसेज भेजने के बाद चैटबॉट आवश्यक जानकारी लेकर रजिस्ट्रेशन पूरा करता है। उन यात्रियों के लिए जिन्होंने इंटरनेट की सुविधा नहीं है, हरिद्वार और ऋषिकेश सहित कई प्रमुख स्थानों पर बायोमैट्रिक रजिस्ट्रेशन काउंटर लगाए जाएंगे। ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन की शुरुआत 17 अप्रैल से होगी। उत्तराखंड सरकार ने यात्रियों की मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर 0135-1364 भी जारी किया है। इस नंबर पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, यात्रा मार्ग, व्यवस्थाओं और अन्य जरूरी जानकारी की सहायता प्राप्त की जा सकती है।

# बिहार की राजनीति में बड़ा बदलाव, नीतीश के राज्यसभा जाने के बाद भाजपा सीएम की तैयारी

### -नई सरकार में जेडीयू के हो सकते हैं दो डिप्टी सीएम



**पटना (एजेंसी)।** बिहार की राजनीति एक बड़े बदलाव के दौर से गुजर रही है। लंबे समय तक राज्य की सत्ता के केंद्र में रहे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल करने के बाद यह लगभग तय माना जा रहा है कि वह मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देंगे। इसके साथ ही बिहार की राजनीति में एक नए अध्याय की शुरुआत होने की संभावना है, जिसमें पहली बार भारतीय जनता पार्टी का कोई नेता मुख्यमंत्री पद संभाल सकता है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि लालू प्रसाद यादव के प्रभाव के बाद जिस दौर को नीतीश कुमार की राजनीति का युग माना जाता था, वह अब समाप्ति की ओर बढ़ रहा है। राज्यसभा के लिए नामांकन के बाद नीतीश कुमार के राष्ट्रीय राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाने की चर्चा तेज हो गई है।

वैसे अभी नीतीश कुमार के इस्तीफे और नए सीएम के बनने में समय लगना तय माना जा रहा है। जानकारी अनुसार राज्यसभा चुनाव की प्रक्रिया 16 मार्च तक चलने वाली है, जबकि नए राज्यसभा सदस्यों को 9 अप्रैल के बाद शपथ दिलाए जाने की बात कही जा रही। इस स्थिति में कहा जा रहा है कि नई सरकार के गठन में अभी करीब-करीब एक माह का समय लग सकता है। इससे पहले भाजपा और जदयू दोनों ही पार्टियां अपने-अपने विधायक दल की बैठक बुलाकर नेता का चयन कर सकते हैं, जिसके बाद एनडीए विधायक दल की बैठक में गठबंधन का नेता चुना जाएगा। इस चयन के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार औपचारिक रूप से इस्तीफा दे सकते हैं और नई सरकार बनाने का दावा पेश किया जा सकता है। भाजपा सूत्रों का तो यहां तक दावा है कि रामनवमी (26 मार्च) से पहले बिहार में नई सरकार के गठन किया जाएगा और भाजपा का ही सीनीयर नेता मुख्यमंत्री पद की शपथ लेगा। रही बात जदयू की तो उसके कोटे से दो उपमुख्यमंत्री बनाए जाने की संभावना प्रवल है। नई सरकार के गठन के साथ ही इस बार पूर्ण मंत्रिमंडल का गठन भी हो सकता है। इस आंकलन के मुताबिक लगभग 32 मंत्रियों के साथ नई सरकार शपथ ले सकती है। संभावित फार्मूले के अनुसार 14 मंत्री भाजपा से, 14 जदयू से और 2 लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) तथा राष्ट्रीय लोक मोर्चा और हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा से एक-एक मंत्री शामिल किए जा सकते हैं। इस बार दोनों प्रमुख दलों की ओर से कुछ नए चेहरों को भी मंत्रिमंडल में जगह मिलने की भी चर्चा आम हो गई है। हालांकि सरकार गठन से पूर्व कुछ अहम विभागों को लेकर दोनों दलों के बीच खींचतान की स्थिति बन सकती है। फिलहाल कहा जा रहा कि जदयू ने विधानसभा स्पीकर और गृह विभाग पर अपनी दावेदारी जताई है। मौजूदा समय में स्पीकर का पद भाजपा के पास है और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के पास गृह विभाग है। जदयू का तर्क है कि मुख्यमंत्री पद उनके पास होने के कारण इन पदों पर भी उनका अधिकार होना चाहिए।

दूसरी ओर भाजपा इन दोनों महत्वपूर्ण पदों को अपने पास ही बनाए रखना चाहती है। खासकर गृह विभाग 2005 के बाद पहली बार भाजपा के पास आया है। वहीं विधानसभा स्पीकर का पद भी सरकार की स्थिरता के लिए बेहद अहम माना जाता है। ऐसे में सरकार गठन से पहले इन मुद्दों पर अंतिम सहमति बनना बाकी है।

## 19 साल की उम्र में बनी देश की सबसे कम उम्र की महिला सीए

### -राजस्थान के झुंझुनूं की हैं राजकुमारी जिन्होंने बनाया नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड



जयपुर (एजेंसी)। राजस्थान के झुंझुनूं जिले की प्रतिभाशाली छात्रा राजकुमारी पारीक ने चार्टर्ड अकाउंटेंसी की अंतिम परीक्षा पास कर देश की सबसे कम उम्र की महिला चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने महज 19 वर्ष 126 दिन की आयु में यह उपलब्धि हासिल कर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया है। इससे पहले देश की सबसे कम उम्र की महिला सीए बनने का रिकॉर्ड मध्य प्रदेश के मुरैना की नंन्दनी अग्रवाल के नाम था, जिन्होंने करीब 19 वर्ष 330 दिन की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की थी। राजकुमारी पारीक ने इस रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए नया इतिहास रच दिया है। राजकुमारी की सफलता की खास बात यह है कि उन्होंने अपनी पढ़ाई और प्रशिक्षण का अधिकांश हिस्सा अपने गृह जिले झुंझुनूं से ही पूरा किया। उनकी प्रारंभिक शिक्षा भी झुंझुनूं में ही हुई। इसके बाद उन्होंने सीए की प्रारंभिक और इंटरमीडिएट परीक्षाओं की तैयारी भी स्थानीय स्तर पर करते हुए सफलता हासिल की। चार्टर्ड अकाउंटेंसी की परीक्षा को देश की सबसे कठिन पेशेवर परीक्षाओं में से एक माना जाता है। बताया जाता है कि राजकुमारी के पिता हेमंत कुमार पारीक अरुणाचल प्रदेश में मोटर पार्ट्स के व्यवसाय से जुड़े हैं, जबकि उनकी माता सावित्री देवी गृहिणी हैं। परिवार ने हमेशा उन्हें पढ़ाई के लिए प्रेरित किया, जिसका परिणाम आज देश के सामने एक मिसाल के रूप में सामने आया है।

## शराब घोटोले में बरी हुईं कविता का ऐलान तेलंगाना में बनाएगी नई पार्टी

### -कहा- केंद्र सरकार ने एजेंसियों के जरिए हमें विच हंट का शिकार बनाया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत राष्ट्र समिति की पूर्व सदस्य और के चंद्रशेखर राव की बेटी के कविता तेलंगाना में एक नई पार्टी बनाने जा रही हैं। कविता ने यह एलान तब किया, जब दिल्ली की एक कोर्ट ने उन्हें और दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल समेत 23 लोगों को दिल्ली शराब घोटाले के मामले में बरी कर दिया था। बरी होने के बाद कविता तिरुमाला में तिरुपति बालाजी मंदिर गईं। कविता ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भगवान बालाजी के आशीर्वाद से हम जल्द ही तेलंगाना राज्य में एक पॉलिटिकल पार्टी बनाने जा रहे हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक के कविता ने कहा कि पूरे देश ने देखा है कि कैसे हमारे साथ इस तरह का भेदभाव किया गया और कैसे केंद्र सरकार एजेंसियों के जरिए हमें इस तरह की विच हंट का शिकार बनाया जाता है। कविता ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि पूरा देश और खासकर इस देश की महिलाएं उनके साथ खड़ी होंगी। उन्हें विश्वास है कि तेलंगाना के लोग उन्हें आशीर्वाद जरुर देंगे। कविता ने बताया कि पार्टी तेलंगाना के लोगों के लिए काम करने वाली एक रीजनल पार्टी होगी।

रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली शराब घोटाले के मामले के बारे में बात करते हुए के कविता ने इसे विच हंट कहा और केंद्र पर विपक्षी राजनीतिक पार्टियों को टारगेट करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जिस तरह से इस देश में राजनीतिक विच हंट हुआ है, जिस तरह से हमें सिर्फ इसलिए टारगेट किया गया क्योंकि हम एक अलग राजनीतिक पार्टी से हैं। यह इस देश में बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है और न्यायपालिका ने झूठ के इस जाल को देख लिया है और हम सभी को बरी कर दिया।

# राज्यपाल आनंदबोस के अचानक इस्तीफे पर भड़की ममता... शाह के दबाव में लिया



**कलकत्ता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले राज्यपाल सीवी आनंदबोस के अचानक इस्तीफे ने राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है। राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस घटनाक्रम को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दबाव से प्रेरित बताया और राज्य के लोकतांत्रिक ढांचे के लिए खतरनाक बताया। सीएम बनर्जी ने कहा कि इस्तीफे के पीछे स्पष्ट कारण सामने नहीं आए हैं, लेकिन यह राजनीतिक लाभ के उद्देश्य से लिया गया कदम प्रतीत होता है। उन्होंने बताया कि बोस के जाने के बाद आरएन रवि, जो तमिलनाडु के राज्यपाल और पूर्व उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार हैं, पश्चिम बंगाल के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार संभालने वाले है। सीवी आनंदबोस ने 17 नवंबर 2022 को राज्यपाल के रूप में कार्यभार संभाला था और उनका कार्यकाल नवंबर 2027 तक था, लेकिन उन्होंने करीब साढ़े तीन साल के बाद ही इस्तीफा दे दिया। उनके अचानक इस्तीफे ने राजनीतिक विश्लेषकों और राज्य प्रशासन को आश्चर्यचकित किया। लोक भवन के अधिकारियों ने बताया कि बोस ने दिल्ली से राष्ट्रपति को अपना त्यागपत्र भेजा। सीएम ममता बनर्जी ने इस फैसले को एकतरफा और राज्य हित के खिलाफ कदम बताकर कहा कि केंद्र को सहकारी संघवाद के सिद्धांतों का सम्मान करना चाहिए।

वहीं, भाजपा के पश्चिम बंगाल अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने सीएम ममता बनर्जी के आरोपों को बेबुनियाद बताया और कहा कि राजभवन में बदलाव सामान्य प्रक्रिया है और बोस ने स्वास्थ्य कारणों से इस्तीफा दिया। इस घटनाक्रम का समय भी संवेदनशील है क्योंकि जल्द ही निर्वाचन आयोग पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव का कार्यक्रम घोषित कर सकता है।

बता दें कि आनंदबोस ने अपने कार्यकाल के दौरान कई बार राज्य सरकार की नीतियों की आलोचना की और तृणमूल कांग्रेस के साथ उनके टकराव के मामले सामने आए। उनका इस्तीफा उनके पूर्ववर्ती जगदीप धनखड़ के अचानक पद छोड़ने की याद दिलाता है, जिन्होंने 2022 में उपराष्ट्रपति चुने जाने के कारण राज्यपाल पद छोड़ा था। इस इस्तीफे ने राज्य और केंद्र सरकार के बीच राजनीतिक गतिशीलता को बढ़ा दिया है और चुनाव से पहले सियासी माहौल को और गरम कर दिया है। कुल मिलाकर, बंगाल में राज्यपाल के इस्तीफे को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है, और इसे आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर महत्वपूर्ण घटना माना जा रहा है।

# दिल्ली में बैठकर बोले ट्रंप के मंत्री- हम चीन की तरह भारत को नहीं देंगे आर्थिक फायदे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के प्रमुख भू-राजनीतिक और भू-आर्थिक सम्मेलन रायसीना डायलॉग को संबोधित करते हुए क्रिस्टोफर लैंडौ ने कहा कि अमेरिका भारत की असीमित संभावनाओं को साकार करने के लिए उसके साथ काम करना चाहता है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत को यह समझना होगा कि अमेरिका पुरानी गलतियों से सीख चुका है। उन्होंने कहा- हम भारत के साथ वह गलती नहीं दोहराने जा रहे हैं, जो हमने 20 साल पहले चीन के साथ की थी। चीन इन्हीं छूटों का फायदा उठाकर आज अमेरिका का एक बड़ा प्रतिद्वंद्वी बन गया है।

क्रिस्टोफर लैंडौ ने कहा, हम उस व्यापार समझौते को लेकर उत्साहित हैं जो अब लगभग अंतिम चरण में है, और मुझे लगता है कि यह वास्तव में असीमित संभावनाओं के द्वार खोलने का आधार बन सकता है। हम भारत और इन आर्थिक व वाणिज्यिक अवसरों पर ध्यान केंद्रित करने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। लेकिन भारत को यह समझना चाहिए कि हम भारत के साथ वो गलतियां नहीं दोहराने जा रहे हैं जो हमने 20 साल पहले चीन के साथ यह कहकर की थीं कि, आप इन सभी बाजारों को विकसित कर सकेंगे, और फिर बाद में हम देखते हैं कि आप हमें ही कई व्यावसायिक मोर्चों पर पछाड़ रहे हैं। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हम जो कुछ भी करें वह हमारे लोगों के लिए निष्पक्ष हो, क्योंकि अंततः हमें अपने नागरिकों के प्रति जवाबदेह होना है, ठीक वैसे ही जैसे भारत सरकार की जवाबदेही अपने नागरिकों के प्रति है।

भारत ने मध्य पूर्व के इस बढ़ते विवाद में किसी भी पक्ष का समर्थन करने से बचते हुए पूरी तरह से तटस्थ रुख अपनाया है। इस बीच, भारत और अमेरिका के बीच उस व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया जा रहा है, जिस पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कार्यभार संभालने के समय से ही बातचीत चल रही है। बता दें कि कई दौर की सकारात्मक बातचीत के बाद, वाशिंगटन ने पिछले महीने भारतीय सामानों पर टैरिफ (आयात शुल्क) को 50 से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है।

मौजूदा समय में जब अमेरिका भू-राजनीतिक वार्ताओं में टैरिफ का इस्तेमाल एक हथियार के तौर पर कर रहा है, तब भारत अन्य देशों की तरह अपनी आर्थिक वृद्धि को संतुलित करने का प्रयास कर रहा है। भारत एक व्यापारिक भागीदार के रूप में केवल अमेरिका पर अपनी निर्भरता कम करने और अपने व्यापार में विविधता लाने की कोशिश कर रहा है। इसी रणनीति के तहत, भारत ने कई अन्य देशों के साथ-साथ यूरोपीय संघ के साथ भी एक अहम व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। मध्य पूर्व में चल रहे तनाव के कारण ईंधन की आपूर्ति और भंडारण पर मंडरा रहे खतरे के बीच, अमेरिका ने मदद का हाथ बढ़ाया है। लैंडौ ने कहा कि अमेरिका भारत की अल्पकालिक और दीर्घकालिक ऊर्जा चुनौतियों से निपटने के लिए साथ मिलकर काम करने को तैयार है।

# प्रियंका चतुर्वेदी को लेकर आदित्य और संजय राउत में अनबन... खबरों पर राऊत ने खुद दी सफाई



**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र से शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) की नेता प्रियंका चतुर्वेदी का राज्यसभा का टिकट कट गया है, उनके स्थान पर शरद पवार को उद्धव सेना, कांग्रेस और एनसीपी-एसपी के तिकड़ी के समर्थन से उतारा गया है। इस फैसले को लेकर शिवसेना यूबीटी के भीतर मतभेद की चर्चा जोरों पर थी, जिसमें खासकर आदित्य ठाकरे और संजय राउत का रुख अलग-अलग बताया जा रहा था। कुछ मीडिया रिपोर्टों बताया गया हैं कि आदित्य चाहते थे कि प्रियंका चतुर्वेदी को फिर से मौका मिले, लेकिन अंत में संजय राउत की ही मंशा चली और शरद पवार को राज्यसभा भेजा गया। इन बातों को लेकर यह चर्चा भी उठी कि राउत ने आदित्य के इरादों पर भारी पड़ते हुए शरद पवार को कमिटमेंट दे दी, जिस वजह से प्रियंका का नाम पीछे रह गया।

अब संजय राउत ने खुद इन कयासों को लेकर सफाई दी है। उन्होंने कहा है कि असल वजह पार्टी के राजनीतिक समीकरण थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि उद्धव सेना के भीतर यह इच्छा ज़रूर थी कि प्रियंका चतुर्वेदी को दूसरा मौका मिले, लेकिन जरुरी वोटिंग नंबर नहीं थे और साथ ही पवार जैसे अनुभवी नेता ने स्वयं दावा कर दिया। इसलिए पार्टी को पवार का नाम समर्थन करना पड़ा। राउत ने कहा कि यदि समीकरण अनुकूल होते और पवार जैसे सीनियर नेता राज्यसभा जाने को ना चाहते, तब प्रियंका को 100 प्रतिशत मौका मिलता।

राउत का कहना है कि उद्धव सेना के अंदर प्रियंका को फिर से भेजने की इच्छा काफी प्रबल थी, लेकिन पार्टी के पास खुद के दम पर संख्या नहीं थी। जब शरद पवार ने दावेदारी पेश की, तब प्रियंका के लिए मुकाबला करना मुश्किल हो गया।

राज्यसभा की इस दौड़ में महाराष्ट्र में कुल 7 सीटें खाली हो रही हैं, जिसमें से 6 पर एनडीए उम्मीदवारों का मजबूत संभावित जीत है। विपक्ष की एकमात्र संभावित जीत की सीट पर शरद पवार को उतारा है। वहीं भाजपा ने रामदास आठवले और विनोद तावड़े जैसे वरिष्ठ नेताओं को भी राज्यसभा का मौका दिया है। संजय राउत ने कहा कि आठवले का टिकट पहले से तय-सा लगता था, और विनोद तावड़े को राज्यसभा भेजना भी संगठन में उनके लंबे सेवा और योगदान का प्रतिफल माना जा रहा है।

# अदालत के आदेशों का पालन न करना, आजकल फैशन बन गया... सुप्रीम कोर्ट ने जाहिर की नाराजगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने अदालत के आदेशों का पालन न करने और अवमानना याचिका दायर होने पर देरी से अपील दाखिल करने की प्रवृत्ति पर कड़ी नाराजगी जता दी है। शीर्ष अदालत ने कहा है कि यदि इसतरह के मामलों में सख्ती नहीं दिखाई गई, तब न्यायपालिका में लोगों का भरोसा कमजोर पड़ सकता है। जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल?ला और जस्टिस आर. महादेवन की पीठ ने कहा कि हाल के वर्षों में देखने में आया हैं कि अदालत के आदेशों का लंबे समय तक पालन नहीं होता और जब अवमानना याचिका दायर होती है, तब उसके बाद काफी देरी के साथ अपील या पुनर्विचार याचिका दाखिल होती है। शीर्ष अदालत ने कहा कि अपील में देरी अपवाद होनी चाहिए, लेकिन अब यह करीब-करीब नियम बनती जा रही है।

सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कहा कि इस तरह की प्रवृत्ति को स्वीकार नहीं कर सकते है। शीर्ष अदालत के अनुसार, जब कोई पक्ष जानबूझकर अदालत के आदेशों का पालन नहीं करता, इस आचरण से न्यायपालिका की गरिमा और कानून के शासन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इस तरह के मामलों में यह आचरण कई बार आपराधिक अवमानना की सीमा तक पहुंच सकता है। अदालत ने कहा कि यदि हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट इन मामलों में दृढ़ता नहीं दिखाते, तब देश के आम नागरिकों का न्यायपालिका में अटूट विश्वास कमजोर पड़ सकता है।

अदालत के अनुसार, आदेश की जानकारी होने के बावजूद यदि कोई पक्ष जानबूझकर उस आदेश का पालन नहीं करता, तब वहां अवमानना के दायरे में आएगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अवमानना की कार्यवाही केवल अदालत में पक्षकार रहे व्यक्तियों तक सीमित नहीं होगी।

दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी छत?तीसगढ़ सरकार के अधिकारियों के खिलाफ दायर अवमानना याचिका की सुनवाई के दौरान की। मामला कर्मचारियों की सेवाओं के नियमितीकरण से जुड़े आदेश के पालन न करने से जुड़ा था। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार के अधिकारियों को आदेश लागू करने के लिए अंतिम मौका देकर 15 दिन का समय दिया है।



# भीलवाड़ा के नागोरी गार्डन में चला नगर निगम का पीला पंजा, नालों पर से हटाया अतिक्रमण

**जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देश पर जारी अभियान, हटाए गए स्थानों पर दोबारा काबिज न हों अतिक्रमी**

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने और यातायात व्यवस्था को सुचारू करने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देश पर चलाया जा रहा विशेष अभियान शनिवार को भी जारी रहा। पिछले पखवाड़े से लगातार चल रही इस कार्रवाई के तहत निगम की टीम शनिवार को लाव-लश्कर के साथ नागोरी गार्डन व आसपास के व्यापारिक क्षेत्र में पहुंची और नालों व सड़क सीमा पर किए गए अतिक्रमण हटाए।



अभियान की शुरुआत नागोरी गार्डन स्थित बैंक ऑफ इंडिया के पास से की गई। यहां सड़क सीमा और नालियों पर किए गए अवैध कब्जों को हटाया गया। निगम की टीम ने जेसीबी की मदद से दुकानों के बाहर नालियों पर बनाए गए पक्के रैंप और लोहे की जालियों को ध्वस्त किया। साथ ही उन स्थायी निर्माणों को भी हटाया गया जो पैदल राहगीरों के आवागमन में बाधा बन रहे थे।

जैसे ही नगर निगम की जेसीबी और प्रवर्तन दस्ते के वाहन क्षेत्र में पहुंचे, दुकानदारों में हड़कंप मच गया। भारी पुलिस जाब्ते और निगम अधिकारियों की मौजूदगी देखकर कई दुकानदारों ने कार्रवाई से बचने के लिए अपनी दुकानों के बाहर रखा सामान स्वयं ही हटाना शुरू कर दिया। इस दौरान दुकानदारों ने डिस्प्ले बोर्ड, काउंटर और अन्य अस्थायी सामग्री अंदर कर ली।

नगर निगम प्रशासन के अनुसार शहर की मुख्य सड़कों और बाजारों को व्यवस्थित करने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा। नालियों की सफाई में बाधा बन रहे रैंपों को हटाने का उद्देश्य मानसून से पहले जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करना है, ताकि शहरवासियों को जलभराव और जाम की समस्या से राहत मिल सके।

निगम आयुक्त हेमा राम चौधरी ने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं बल्कि शहर के सुनियोजित विकास और आमजन की सुविधा के लिए की जा रही है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि जहां से अतिक्रमण हटाया गया है वहां दोबारा कब्जा करने पर सामान जब्त करने के साथ भारी जुर्माना भी वसूला जाएगा।

# अवैध रूप से कब्जा करने की नीयत से मारपीट करने वाले दो वांछित आरोपी गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

डीएसटी, साईबर सैल और पारोली थाना पुलिस ने पारोली थाना क्षेत्र के एक मारपीट मामले में वांछित दो आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है । एसपी धर्मेन्द्र सिंह यादव द्वारा वांछित आरोपीयों कि गिरफ्तारी करने के लिए विशेष टीम का गठन किया । राजेश आर्य अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शाहपुरा के निर्देशन में व सुरेश कुमार वृताधिकारी वृत कोटडी के सुपरविजन में और पारोली थाना प्रभारी सियाराम के नेतृत्व में उक्त मामले में वांछित आरोपीयो को गिरफतार किया गया। प्रार्थी सुरेश कुमार धाकड़ पुत्र जगन्नाथ धाकड़ उम्र 37 वर्ष निवासी-खेड़ी ग्रा. पं. दांतड़ा तह. कोटड़ी जिला भीलवाड़ा ने 27.02. 2026 को पारोली थानी रिपोर्ट दी और बताया की आरोपी 1.शंकरदास 2. कैलाश वैष्णव 3. ओमप्रकाश 4. युधिष्टर वैष्णव 5. करण वैष्णव सर्व निवासी खेडी थाना पारोली ने उसके बाड़े में कब्जा करने की नियत से लोहे के पाईप डालने पर मैरे व मेरे भाई राजु द्वारा मना करने पर आरोपियों द्वारा हमारे व हमे छुडवाने वाले व्यक्तियो पर लाठियो व पाईप से हमला कर सिर मे गम्भीर चोट पहुंचाई एंव आरोपीयो ने लोगो को डरा धमका कर अवैध कब्जा कर लिया । उक्त रिपोर्ट पर



पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया और जांच शुरू की । आरोपी ओमप्रकाष वैष्णव, कैलाष वैष्णव को गिरफतार किया और न्यायालय में पेश किया गया एंव इस मामले मे दो विधि से संर्घषरत बालक को निरूद्ध कर बाल न्यायालय पेश किया गया।

### इसे किया गिरफ्तार

ओमप्रकाश पिता शंकर दास उम्र 35 साल निवासी खेडी थाना पारोली जिला भीलवाडा और कैलाश पिता शंकर दास उम्र 39 साल निवासी खेडी थाना पारोली जिला भीलवाडा को गिरफ्तार किया ।

# दो तस्करों को 15-15 साल की जेल और जुर्माने की सजा



### अवैध डोडा चूरा मामले में पकड़े गए थे आरोपी

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

बीगोद थाना क्षेत्र के 5 साल पुराने एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में एनडीपीएस कोर्ट के विशिष्ट न्यायाधीश जगदीश प्रसाद शर्मा ने फैसला सुनाया और दो आरोपियों को जेल और अर्थदंड से दंडित किया । विशिष्ट लोक अभियोजक रामस्वरूप गुर्जर ने बताया की उक्त मामला 5 जनवरी 2020 का है बीगोद के तत्कालीन थानाप्रभारी जसवंत सिंह टीम के आठ गश्त कर रहे थे और नंदराय रोड पर नाकाबंदी लगाई तभी एक पिकअप को रूकवाया तो चालक और खलासी भागने लगे दोनो को पकड़ा और पिकअप की तलाशी ली जिसमे प्लास्टिक 16 कट्टे थे जिनमे 325 किलो 500 ग्राम अवैध डोडा चूरा भरा हुआ था जिसे जप्त कर एनडीपीए एक्ट में दोनो आरोपियों राजूलाल निवासी कोतवाल का खेड़ा मांडलगढ़ और राजू बैरवा निवासी कोटड़ी को गिरफ्तार किया । दोनो के खिलाफ जांच पूरी होने के बाद एनडीपीएस कोर्ट में चार्जशीट पेश की । विशिष्ट लोक अभियोजक गुर्जर ने 8 गवाह और 96 दस्तावेज पेश कर आरोप सिद्ध करवाया । ट्रायल के दौरान आरोपियों को कोर्ट ने दोषी मानते हुए 15-15 साल का कठोर कारावास और डेढ़ लाख रु जुर्माने से दंडित किया ।

# बाणमाता शक्तिपीठ पर चैत्र नवरात्र महोत्सव की तैयारियां जोरों पर, 19 मार्च को होगी घट स्थापना

**25 मार्च को पाटोत्सव महाअभिषेक और 26 मार्च को सजेगी विशाल भजन संध्या**

स्मार्ट हलचल|लाडपुरा

मेवाड़ के सुप्रसिद्ध धार्मिक आस्था के केंद्र बाणमाता शक्तिपीठ, गोवटा बांध पर आगामी चैत्र नवरात्र महोत्सव को लेकर तैयारियां युद्ध स्तर पर शुरू हो गई हैं। 19 मार्च से शुरू होने वाले नौ दिवसीय इस शक्ति पर्व को लेकर मंदिर प्रबंधन एवं विकास संस्थान ने व्यापक रूपरेखा तैयार की है।

बाणमाता शक्तिपीठ प्रबन्ध एवं विकास संस्थान के अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि महोत्सव का विधिवत शुभारम्भ 19 मार्च, गुरुवार को दोपहर 12:15 बजे अभिजीत मुहूर्त में घट स्थापना के साथ होगा। नवरात्र के दौरान मंदिर परिसर में विशेष गायत्री अनुष्ठान और शतचंडी यज्ञ का आयोजन किया जाएगा, जिसमें ख्याति प्राप्त विद्वानों द्वारा आहुतियां दी जाएंगी।





महोत्सव के विशेष आकर्षणों की जानकारी देते हुए शर्मा ने बताया कि 23 मार्च को पंचमी जागरण और 25 मार्च को पाटोत्सव महाअभिषेक संपन्न होगा। 26 मार्च, गुरुवार को अष्टमी की महा-रात्रि पर विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा, जिसमें सुप्रसिद्ध गायक कलाकार पुरण गुर्जर, युवराज वैष्णव, सोनू भीलवाड़ा और अनु पांचाल अपनी सुरीली प्रस्तुतियों से मां की महिमा का गुणगान करेंगे।

### 27 मार्च को छप्पन भोग और विसर्जनः

महोत्सव का समापन 27 मार्च, शुक्रवार को होगा। इस दिन प्रातः 11:15 बजे मां को छप्पन भोग की झांकी सजाई जाएगी। इसके पश्चात दोपहर 12:15 बजे भव्य शोभायात्रा के साथ मेनाली नदी में पाति विसर्जन किया जाएगा। विसर्जन के बाद छप्पन भोग प्रसाद वितरण के साथ नौ दिवसीय अनुष्ठान पूर्ण होगा।

नौ दिनों तक उमड़ने वाली हजारों की भीड़ को देखते हुए मंदिर परिसर, मार्ग और मेला प्रांगण में आकर्षक विद्युत सज्जा की जा रही है। संस्थान द्वारा पेयजल, सुरक्षा, आवास, विद्युत और वाहन पार्किंग के बड़े पैमाने पर पुख्ता प्रबंध किए जा रहे हैं ताकि दर्शनार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# हत्या और दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**आदतन अपराधी है दूसरे राज्य में भागने की फिराक में था**

स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा

बीते दिनों हमीरगढ़ क्षेत्र की बरडोद नर्सरी में अधेड़ की हत्या करने के बाद उसकी पत्नी के साथ बलात्कार करने के मामले से हमीरगढ़ थाना पुलिस ने परदा उठाते हुए उस हत्यारे और दुष्कर्मी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है । इस मामले में पुलिस ने आरोपी रमेश उर्फ राधेश्याम कालबेलिया को गिरफ्तार किया है । आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए एएसपी धर्मेंद्र सिंह के आदेश पर विशेष टीम का गठन किया गया । घटना का खुलासा करने के लिए एएसपी पारस जैन के निर्देशन और सीओ सदर माधव उपाध्याय के सुपरविजन में टीम बनाई गई जिसका नेतृत्व थाना अधिकारी सुनील कुमार बेड़ा ने किया । पुलिस ने बताया की 3 मार्च 2026 को हमीरगढ थाने पर सुचना मिली की बरडौद ग्राम की नर्सरी में कालबेलिया समाज के लोग मजदुरी का कार्य करते है जिनके बीच आपस में झगडा हो जाने पर एक व्यक्ति की मृत्यु हो गयी है उक्त सुचना पर थानाधिकारी हमीरगढ मय जाप्ता के मौके पर पहुंचे और घटना के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी तो मृतक के भतीजे राधेश्याम ने एक रिपोर्ट पेश कि की मेरे काका शंकर लाल के मामा का लडका रमेश उर्फ राधेश्याम अपनी पत्नि के साथ मारपीट कर रहा था जिसका बीच बचाव करने के लिये मेरा काका शंकर लाल व काकी आयी तो रमेश उर्फ राधेश्याम ने मेरे काका व काकी के साथ गम्भीर मारपीट की जिससे मेरे काका की मौके पर ही मृत्यु हो गयी थी मेरे काका की मृत्यु होने के पश्चात आरोपी ने मेरे काकी को अपनी टपरी में ले जाकर उसके साथ जबरदस्ती गलत काम किया। पुलिस ने मामला पंजीबद्ध किया और अनुसंधान प्रारम्भ किया । घटना की गम्भीरता को देखते हुये घटना के खुलासे के लिए गठित टीम ने अभियुक्त के द्वारा मोबाईल फोन का उपयोग नही लिया जाने के कारण परम्परागत तरीके से तलाश करते हुये अपने मुखबीर तंत्र को सक्रिय कर आरोली का निरन्तर पिछा कर डिटेन करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपी आदतन अपराधी व घुमन्तु जाति का होकर दुसरे राज्य में भागने के प्रयास में था मगर पुलिस द्वारा आरोपी रमेश उर्फ राधेश्याम कालबेलिया को गिरफ्तार कर लिया गया। गठीत टीम में सुनिल कुमार बेडा, नरपत सिह उनि पुलिस थाना हमीरगढ, विकास यादव एएसआई, यशवीर सिह एएसआई, कांस्टेबल खेम सिह (विशेष योगदान), सुनिल कुमार, सचिन, दिपक शामिल थे ।

### यह अपराधी हुआ गिरफ्तार

रमेश उर्फ राधेश्याम पिता देवी उर्फ देवा कालबेलिया उम्र 42 साल निवासी तेजाजी चैक के पास घाटी पारसोली थाना पारसोली जिला चितौडगढ हाल निवासी भवानीपुरा थाना हमीरगढ जिला भीलवाडा जिसके खिलाफ पुर्व में कोतवाली चित्तौड़गढ़, रूपनगढ़ अजमेर, सदर पाली, किशनगढ़ अजमेर थाने में अलग अलग मामले दर्ज है।

# फुलिया कलां पुलिस की अवैध बजरी खनन पर दबिश, 4 वाहन जप्त

स्मार्ट हलचल

**फुलिया कलां।** फुलिया कलां पुलिस ने खारी नदी में अवैध बजरी खनन को रोकने के लिए विशेष कार्रवाई की है।जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में यह अभियान आयोजित किया गया। थाना फुलिया कलां के थानाधिकारी भवानी सिंह प्रशिक्षु आरपीएस के नेतृत्व में पुलिस टीम ने खारी नदी के विभिन्न हिस्सों में दबिश दी। इस दौरान ग्राम बागथला के पास 3 ट्रेक्टर मय ट्रॉली और ग्राम खेडाहेतम के पास 1 1 ट्रेक्टर मय लोडर अवैध खनन करते हुए पकड़े गए। सभी वाहनों को थाना परिसर में खड़ा किया गया और माइनिंग विभाग को सूचना दी गई।मामले में पुलिस ने अवैध



खनन एवं परिवहन के अलग अलग प्रकरण कुल 4 प्रकरण दर्ज किए और अनुसंधान शुरू किया गया। वाहन मालिकों की तलाश जारी है।फुलिया कलां पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही की टीम में प्रशिक्षु आरपीएस थानाधिकारी भवानी सिंह,सहायक उप निरक्षक भागचंद वैष्णव, हेड कांस्टेबल महावीर सिंह, प्रभुसिंह, कांस्टेबल किशोर, नरसी, महेन्द्र, भवानी प्रताप और जगदीश शामिल थे।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस विशेषः खाकी में 'नारी शक्ति' की मिसाल हैं भीलवाड़ा की डीएसपी शिल्पा भादविया

**दबंगई, सादगी और उसूलों का अनूठा संगम; अपनी कर्तव्यनिष्ठा से समाज की युवतियों के लिए बनीं प्रेरणास्त्रोत**



स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

आज जब महिलाएँ हर क्षेत्र में अपनी क्षमता, साहस और उत्कृष्ट नेतृत्व से समाज में एक नई और मजबूत पहचान स्थापित कर रही हैं, तब खाकी वर्दी में भी नारी शक्ति का एक ऐसा ही उज्ज्वल चेहरा भीलवाड़ा में देखने को मिलता है। हम बात कर रहे हैं भीलवाड़ा में पदस्थापित आरपीएस अधिकारी एवं पुलिस उपाधीक्षक शिल्पा भादविया (जैन) की, जो आज महिला सशक्तिकरण का एक जीता-जागता और प्रेरक उदाहरण बन चुकी हैं।

### उसूलों से नहीं किया कोई समझौताः

भीलवाड़ा पुलिस महकमे में डीएसपी शिल्पा भादविया की पहचान एक दबंग, निडर और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी के रूप में है। उन्होंने अपने सेवाकाल में यह साबित किया है कि एक महिला अधिकारी किस तरह अपने उसूलों और जीवन मूल्यों से बिना कोई समझौता किए, अपने कठिन दायित्वों का निर्वहन कर सकती है। उनका यही बेदाग कार्यप्रणाली समाज के सामने एक बेहद सकारात्मक संदेश प्रस्तुत करती है।

### सादगी और मिलनसार व्यवहार के कायल हैं लोगः

पुलिस सेवा जैसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में रहते हुए भी सादगी, निष्ठा और ईमानदारी उनकी कार्यशैली का मुख्य हिस्सा है। अक्सर पुलिस की छवि को लेकर आमजन में झिझक होती है, लेकिन शिल्पा भादविया का आम जनता के प्रति सहज और मिलनसार व्यवहार उन्हें समाज में एक विशेष सम्मान दिलाता है। विभागीय बैठकों से लेकर फील्ड ड्यूटी तक, महकमे में उनकी कर्तव्यनिष्ठा की चर्चा आम है।

### युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोतः

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उनका व्यक्तित्व यह संदेश देता है कि सकारात्मक सोच, कड़े अनुशासन और पूर्ण समर्पण के साथ महिलाएँ किसी भी क्षेत्र में प्रभावी और कुशल नेतृत्व प्रदान कर सकती हैं। आज वे न केवल पुलिस विभाग के लिए, बल्कि समाज की उन तमाम महिलाओं और युवतियों के लिए एक रोल मॉडल हैं, जो अपने सपनों की उड़ान भरना चाहती हैं। स्मार्ट हलचल परिवार उन्हें महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ देता है।

# नेशनल हाईवे 148-डी पर बच्चों से भरा टेम्पू पलटा,15/20 बच्चे घायल

**स्कूली बच्चों से भरे ओवरलोड टेम्पू के अनियंत्रित होकर पलटने से परिवहन और सुरक्षा नियमों पर प्रशासन की निगरानी पर सवाल**



स्मार्ट हलचल

**टोंक/उनियारा।** उनियारा थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह उनियारा-गुलाबपुरा नेशनल हाईवे 148-डी पर निजी स्कूल के बच्चों को लेकर जा रहा एक टाटा मैजिक टेम्पू अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। वाहन में करीब 15 से 20 स्कूली बच्चे सवार बताए जा रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बच्चों से भरा टेम्पू अचानक संतुलन खो बैठा और हाईवे किनारे खाई में पलट गया।हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया, जबकि वाहन में फंसे बच्चे चीख-पुकार करते रहे।

सूचना मिलने पर उनियारा थानाधिकारी कप्तान सिंह चौधरी व पलाई चौकी इंचार्ज रमेशचंद बैरवा पुलिस टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने टेम्पू में फंसे बच्चों को बाहर निकाला और घायलों को उपचार के लिए उनियारा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त टेम्पू को जब्त कर उनियारा थाने में खड़ा करवा दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। गनीमत रही कि हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, हालांकि कुछ छात्रों को हल्की चोटें और खरोंचें आई हैं।

### प्रशासनिक जिम्मेदारी पर उठे सवाल

इस हादसे के बाद क्षेत्र में निजी स्कूल वाहनों की सुरक्षा व्यवस्था और ओवरलोडिंग को लेकर प्रशासन की निगरानी पर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों और अभिभावकों का कहना है कि कई निजी स्कूल वाहन क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाकर चलाए जा रहे हैं, जबकि कुछ वाहन बिना फिटनेस और आवश्यक सुरक्षा मानकों के ही सड़कों पर दौड़ रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि परिवहन विभाग और प्रशासन द्वारा समय-समय पर सख्त जांच अभियान चलाया जाता, तो ऐसे हादसों को रोका जा सकता था। अब इस घटना के बाद क्षेत्र में स्कूल वाहनों की जांच और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन की भूमिका पर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

# उपाधीक्षक आकांक्षा चौधरी की गश्त में पकड़ी गई अवैध बजरी ट्रॉली-रेकी कर रही बोलेरो सहित 3 गिरफ्तार

**डीएसपी की कार्रवाई से खुली स्थानीय पुलिस की पोल-अलीगढ़ थाना की गश्त व ड्यूटी ऑफिसर की कार्यशैली पर उठे सवाल**

स्मार्ट हलचल

**टोंक/अलीगढ़।** उनियारा पुलिस उपाधीक्षक आकांक्षा चौधरी की रात्रि गश्त के दौरान अवैध बजरी परिवहन के खिलाफ की गई कार्रवाई ने अलीगढ़ थाना पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस उपाधीक्षक आकांक्षा चौधरी ने गश्त के दौरान तेज रफ्तार से ओवरलोड आ रही अवैध बजरी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया। इस दौरान चालक दिलखुश योगी सहित बजरी परिवहन की रेकी कर रहे तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया तथा एक बोलेरो वाहन भी जब्त किया गया। पुलिस उपाधीक्षक उनियारा आकांक्षा चौधरी द्वारा अलीगढ़ थाना क्षेत्र में की गई इस कार्रवाई के बाद इलाके में बजरी माफिया में हड़कंप मच गया। हालांकि इस पूरी घटना ने स्थानीय थाना पुलिस की गश्त और निगरानी व्यवस्था पर भी सवालिया निशान लगा दिए हैं।

### थाना पुलिस की गश्त पर उठे सवाल



बताया जा रहा है कि गुरुवार रात थाना अलीगढ़ में सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) भंवरलाल मीणा ड्यूटी ऑफिसर के रूप में तैनात थे, लेकिन इसके बावजूद थाना क्षेत्र में अवैध बजरी परिवहन पर प्रभावी कार्रवाई नजर नहीं आई। यही कारण है कि जब कार्रवाई डीएसपी को स्वयं करनी पड़ी तो स्थानीय पुलिस की गश्त व्यवस्था पर सवाल उठने लगे। स्थानीय लोगों के अनुसार गुरुवार देर शाम करीब 8 बजे के आसपास अंबेडकर सर्किल चौराहे के पास से महज 10 मिनट के अंतराल में 15 से 20 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां बजरी भरने के लिए निकलती हुई देखी गईं, जिनके वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आए हैं। इसके बावजूद थाना पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई नहीं होने की बात कही जा रही है।




### रात-दिन दौड़ती ओवरलोड बजरी परिवहन की ट्रॉलियां

क्षेत्रवासियों का कहना है कि अलीगढ़ कस्बे सहित आसपास के इलाकों में दर्जनों ओवरलोड बजरी से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉलीयां खुलेआम चलते देखे जा सकते हैं। यह नजारा आम लोगों को तो नजर आता है, लेकिन जिम्मेदारों की नजर से अक्सर ओझल रहता है। कई बार बजरी से भरे वाहन पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के सरकारी वाहनों के सामने से गुजरने के बावजूद भी कार्रवाई नहीं होने की चर्चा क्षेत्र में होती रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अवैध बजरी परिवहन कोई एक-दो वाहनों का मामला नहीं बल्कि एक संगठित नेटवर्क के रूप में काम करता है।

### अवैध चौथ वसूली एंट्री की कथित चर्चाएं भी गरम

सूत्रों के अनुसार अलीगढ़ थाना क्षेत्र में अवैध बजरी परिवहन को लेकर प्रति ट्रॉली 500 रुपये की कथित अवैध चौथ वसूली एंट्री की चर्चाएं भी लंबे समय से सामने आती रही हैं। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन स्थानीय स्तर पर यह मुद्दा लगातार चर्चा में बना हुआ है। इतना ही नहीं, बजरी माफिया द्वारा पुलिस की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए बोलेरो व मोटरसाइकिल से रेकी किए जाने की भी बात कही जा रही है।

### पहले भी हो चुकी है कार्रवाई-लेकिन सुधार नहीं

गौरतलब है कि कुछ महीने पहले अवैध बजरी परिवहन में संरक्षण देने के आरोपों के बाद अलीगढ़ थाना के एक हेड कांस्टेबल और दो सिपाहियों को निलंबित किया जा चुका है।इसके बावजूद क्षेत्र में अवैध बजरी परिवहन रुकने के बजाय लगातार जारी रहने से पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं।

### पहले रेकी-फिर कथित सांठगांठ से निकलती हैं बजरी की ट्रॉलियां

जानकार सूत्रों के अनुसार अवैध बजरी परिवहन शुरू होने से पहले कुछ वाहन क्षेत्र में रेकी का काम करते हैं। इनमें अक्सर बोलेरो, पिकअप या मोटरसाइकिल शामिल होती हैं। ये वाहन पुलिस की गतिविधियों, गश्त और चेकिंग की जानकारी लगातार ट्रैक्टर-ट्रॉली चालकों तक पहुंचाते रहते हैं। सूत्रों के अनुसार रात के समय तय रूट और तय समय के अनुसार बजरी से भरी ट्रॉलियां निकलती हैं और कई बार ओवरलोड वाहन कतारबद्ध तरीके से तेज रफ्तार में गुजरते देखे जाते हैं।

### उनियारा सर्किल के अन्य थानों में भी हो चुकी कार्रवाई

जानकारों के अनुसार उनियारा सर्किल के बनेठा और सोप थाना क्षेत्रों में भी अवैध बजरी परिवहन के मामलों में पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई हो चुकी है। इसके बावजूद भी सर्किल के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अपेक्षित सुधार नजर नहीं आ रहा।

### जवाबदेही तय करने की मांग

पुलिस उपाधीक्षक उनियारा आकांक्षा चौधरी की अवैध बजरी परिवहन के विरूद्ध कार्रवाई के बाद क्षेत्र में सबसे बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि यदि बजरी माफिया का नेटवर्क इतने व्यवस्थित तरीके से काम कर रहा है तो क्या इसकी जानकारी स्थानीय स्तर पर संबंधित विभागों और पुलिस को नहीं है? क्षेत्रवासियों का कहना है कि अवैध बजरी परिवहन पर प्रभावी रोक लगाने के लिए केवल एक-दो कार्रवाई नहीं बल्कि पूरे नेटवर्क की निष्पक्ष जांच और जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय करना जरूरी है।

# लोक कथा की अलख जगाने वाली अमरबेल टूट गई...

## प्रसिद्ध देवनारायण कथा वाचक माधु करेसिया नहीं रहे...लाखों लोगों के दिलों में छोड़ गए अपनी गायकी का रस...

### फाल्गुन पूर्णिमा के दिन थम गई भक्ति की वह मधुर वाणी, क्षेत्र में शोक की लहर...

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** राजस्थान की लोक संस्कृति में कथा-वाचन केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि आस्था और भक्ति की जीवंत धारा है। जब गांवों में भगवान देवनारायण जी की फड़ सजती है और ढोलक-मंजीरों की मधुर धुन के साथ कथा का वाचन होता है, तो वातावरण श्रद्धा और भक्ति से भर उठता है। इसी लोक परंपरा को वर्षों तक जीवित रखने वाले ग्राम खामोर के स्थानीय लोक कथा वाचक स्व. माधु लाल करेसिया अब हमारे बीच नहीं रहे।

3 मार्च 2026, फाल्गुन पूर्णिमा के दिन उनके देवलोक गमन की खबर जैसे ही क्षेत्र में फैली, खामोर सहित आसपास के गांवों में शोक की लहर दौड़ गई। होली और फाल्गुन पूर्णिमा जैसे पावन पर्व के दिन एक ऐसे लोक कलाकार का जाना लोगों को गहरे भावुक कर गया। सच में, ऐसा लगा जैसे लोक कथा की वह अमरबेल टूट गई, जिसकी छाया में वर्षों से श्रद्धालु भक्ति का रस पाते रहे थे।

माधु लाल करेसिया एक स्थानीय लोक कलाकार और कथा वाचक थे, जिन्होंने अपने जीवन का बड़ा हिस्सा भगवान देवनारायण जी की कथा सुनाने और उनकी महिमा को जन-जन तक पहुंचाने में समर्पित कर दिया। उनकी वाणी में ऐसी मिठास और भावनाओं में ऐसी गहराई थी कि जब वे कथा



सुनाते, तो श्रोता मंत्रमुग्ध होकर सुनते रह जाते।जब भी किसी गांव में देवनारायण भगवान की कथा होती और माधु जी फड़ के सामने बैठकर वाचन प्रारंभ करते, तो पूरा माहौल भक्तिमय हो जाता। ढोलक और मंजीरों की ताल के साथ उनकी आवाज़ दूर-दूर तक गूंजती थी। वे भगवान देवनारायण के जन्म प्रसंग,सवाई भोज और 24 बगड़ावत वीरों की शौर्य गाथा, तथा भगवान के चमत्कारों को इतनी भावपूर्ण शैली में प्रस्तुत करते कि श्रोता मानो उस पौराणिक काल में पहुंच जाते। कथा के बीच-बीच में उनके गाए हुए लोक भजन श्रद्धालुओं को भक्ति के रस में डुबो देते थे।

माधु जी ने केवल भीलवाड़ा जिले तक ही अपनी कथा सीमित नहीं रखी, बल्कि राजस्थान के कई जिलों में जाकर भगवान देवनारायण की अमृतवाणी का गुणगान किया। उनकी कथा सुनने के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचते थे और उनकी भक्ति से भरी वाणी लोगों के मन में भगवान देवनारायण के प्रति गहरी आस्था जगा देती थी।भगवान देवनारायण के प्रति उनकी आस्था केवल कथा-वाचन तक ही सीमित नहीं थी। बताया जाता है कि एक बार खेत में हंकाई के दौरान भगवान देवनारायण के पावन नमूने प्रकट हुए, जिसे उन्होंने ईश्वरीय संकेत मानते हुए वहां विधि-विधान के साथ भगवान देवनारायण की स्थापना करवाई। आज भी वह स्थान श्रद्धालुओं के लिए आस्था और श्रद्धा का प्रतीक बना हुआ है।माधु लाल की सबसे बड़ी पहचान यह थी कि उन्होंने स्थानीय स्तर पर रहकर भी भगवान देवनारायण की महिमा को गांव-गांव तक पहुंचाया। वे धार्मिक आयोजनों, जागरणों और कथा कार्यक्रमों में जाकर लोगों को धर्म, भक्ति और सदाचार का संदेश देते थे। उनकी सादगी, विनम्रता और समाज के प्रति समर्पण ने उन्हें लोगों के दिलों में विशेष स्थान दिलाया।

आज उनके देवलोक गमन के साथ क्षेत्र ने एक ऐसे लोक कलाकार को खो दिया है, जिसने अपनी वाणी से वर्षों तक भक्ति का दीप जलाए रखा।

माधु जी करेसिया का देवलोक गमन भले ही लोक संस्कृति के लिए एक बड़ी क्षति है, लेकिन भगवान देवनारायण की महिमा के लिए उनका समर्पण, उनकी साधना और उनकी मधुर वाणी की स्मृतियां लोगों के बीच हमेशा जीवित रहेंगी। उनके द्वारा सुनाई गई कथाएं और भक्ति का संदेश आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित करता रहेगा।अंत में बस यही भाव मन में उठता है 'फाल्गुन की पूर्णिमा पर भक्ति की एक ज्योति बुझ गई,पर उसकी रोशनी सदा लोक मन में जगमगाती रहेगी।

माधु जी की वाणी भले ही शांत हो गई,

पर देवनारायण भगवान की महिमा में उनका योगदान सदैव अमर रहेगा।

# भीलवाड़ा हैंडबॉल संघ के चुनाव संपन्न



स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

7 मार्च 2026 को तिलक नगर में उम्मीद स्किल्स में जिला हैंडबॉल संघ की आम सभा एवं आगामी 4 वर्ष हेतु चुनाव संपन्न हुए। जिला खेल अधिकारी हेमेंद्र सिंह राणावत, जिला ओलंपिक संघ अध्यक्ष व निर्वाचन अधिकारी लालपत राय आचार्य और राजस्थान हैंडबॉल संघ के पर्यवेक्षक दलपत सिंह, भीलवाड़ा ओलंपिक संघ पर्यवेक्षक मो. इस्माइल की उपस्थिति में निर्वाचन चुनाव संपन्न हुए।

नवीन कार्यकारिणी- अध्यक्षः कुलदीप शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्षः भूपेंद्र सिंह राणावत, उपाध्यक्षः यश कुमावत, किशोर छतवानी, हेमेंद्र सिंह चुंडावत, सचिवः तेज प्रताप सिंह बरडोद, संयुक्त सचिवः इमरान कायमखानी , राजेंद्र सिंह राणावत, राजेंद्र कुमार काबरा, गोविंद धोबी, वसीम रजा, कोषाध्यक्षः भारत सुवालका, सदस्यः किशन चौधरी, राधेश्याम पारीक, लोकेश भट्ट, श्रीराम सेन, ट्विंकल लढा, सुनीता सुथार, लोकेन्द्र कुमार मीणा, प्रभु दर्शन बैरवा आजीवन संरक्षक-पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक पोखरना को आजीवन जिला हैंडबॉल संघ के संरक्षक के रूप में मनोनयन किया गया। नवीन कार्यकारिणी को विश्वजीत सिंह और तेज सिंह चौहान, अनिल चौधरी सलीम रजा, अर्जुन सिंह, दीपक सेन ने बधाई दी।

# शोभायात्रा और खडग वाहिनी को लेकर कार्यकर्ताओं को सौंपी जिम्मेदारियां



### 300 कार्यकर्ता खडग वाहिनी मैं भाग लेंगे

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** 19 मार्च 2026 को होने वाले वर्ष प्रतिपदा उत्सव के निमित्त फास्ट बालाजी मंदिर परिसर में नववर्ष समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम के तहसील संयोजक रामेश्वर लाल धाकड़ की अध्यक्षता में बैठक की गई जिसमें नववर्ष पर होने वाली शौभायात्रा एवं खडग वाहिनी की रूपरेखा को लेकर विचार विमर्श किया गया तथा शस्त्र वाहिनी प्रमुख धनराज वैष्णव ने कार्यकर्ताओं को अलग-अलग प्रमुख बनाकर जिम्मेदारी दी गई। तथा हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। बैठक में विश्व हिंदू परिषद के सह प्रांत प्रमुख रामेश्वर लाल धाकड़, बजरंग दल विभाग संयोजक धनराज वैष्णव,जिला सम्पर्क प्रमुख विनोद सनाढ्य, विहिप प्रखंड अध्यक्ष राजेश सिंह राणावत, प्रखंड मंत्री महावीर कहार, सह मंत्री श्याम सुंदर शर्मा, बजरंग दल प्रखंड संयोजक विष्णु सुखवाल,सह संयोजक सुरेश कुमावत आदि कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# काछोला में वन विभाग द्वारा एकदिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

स्मार्ट हलचल| काछोला

वन विभाग भीलवाड़ा के उपवन संरक्षक श्री मारिया साइन ए. के निर्देश में राजस्थान वानिकी एवं जैव विविधता विकास परियोजना के तहत काछोला नाका, रेंज जहाजपुर में ग्राम वन सुरक्षा एवं प्रबंधन समिति का एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया द्य इस कार्यक्रम में परियोजना क्षेत्र से 5 समितियों के कार्यकारी सदस्यों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय वन अधिकारी जहाजपुर श्री राजेंद्र शर्मा जी ने विभाग की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी तथा सदस्यों को वन विभाग के प्रति जागरूक किया । इस कार्यक्रम में जिला परियोजना



समन्वयक राधेश्याम कुमावत ने RFBDP परियोजना के बारे में बताया कि यह राजस्थान वन विभाग की एक अग्रणी परियोजना है जो पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों में चल रही है । जिसमें भीलवाड़ा जिले के कुल 80 गांव सम्मिलित है द्य इन्होंने ग्राम वन सुरक्षा एवं प्रबंधन समिति का गठन, पंजीकरण, समिति के सदस्यों का निर्वाचन एवं कार्य प्रणाली, बैठक, रिकॉर्ड संधारण एवं सूक्ष्म ग्राम नियोजन आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही पंच गौरव योजना के तहत एक जिला एक उत्पाद नीम के संरक्षण एवं महत्व पर नुक्कड़ नाटक एवं कठपुतली के माध्यम से जन जागृति कार्यक्रम किया गया।

इस प्रशिक्षण में ग्राम वन सुरक्षा एवं प्रबंधन समितियां काछोला, खेरूना, टहला, सुंदरगढ़, पन्ना का खेड़ा के सभी सदस्य एवं जहाजपुर रेंज से रामप्रसाद मीणा वनपाल, मूलचंद मीणा वनरक्षक, भेरूलाल मीणा सहायक वनपाल, ईश्वर वनरक्षक, त्रिलोक, अमर सिंह, हरदीप, मनोज मीणा वनरक्षक एवं फील्ड स्टाफ रामावतार मीणा, रामलाल धाकड़ एवं रेंज से सभी कर्मचारी उपस्थित हुए ।

# चंवरा का हनुमान जी के दान पात्र खोला



स्मार्ट हलचल

**आकोला।** मेवाड़ का प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री चंवरा का हनुमान जी के शनिवार के शुभ अवसर पर दानपात्र खोला गया। दानपात्र से 1 लाख 73 हजार 959रूपये की राशि प्राप्त हुई। इस अवसर पर चंवरा का हनुमान जी के मंदिर निर्माण कमेटी अध्यक्ष बालूराम अहीर , उपाध्यक्ष गोपाल गुर्जर, कोषाध्यक्ष सुरेश बसेर, नंदराय मंडल अध्यक्ष प्रकाश सांगावत, नारायण भदाला, पुजारी प्रहलाद वैष्णव, पुजारी बजरंग दास, पुजारी रोशन वैष्णव, दिनेश पोरवाल, लादू लाल गुर्जर, कालू सिंह, घनश्याम राठी, सत्यनारायण लड़ा, मोहन सिंह, नारायण गुर्जर, कालू जायसवाल, उमेद सोनी, गोदु धाकड़, भोजा गुर्जर सहित कई भक्त उपस्थित थे।

# महिला सशक्तिकरण से जुड़ी प्रेरणादायक कहानियां सुना बढ़ाया आत्मविश्वास

स्मार्ट हलचल|काछोला

कस्बे सहित क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर क्षेत्र के धामनिया राजकीय प्राथमिक विद्यालय में मनाया गया।समारोह में बालिकाओं को समाज में शिक्षा, खेल, गीत, संगीत और कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली मेधावी बालिकाओं को तिरंगा उपरणा,ट्रॉफी व प्रेरणादायक कहानी की पुस्तक देकर संस्था प्रधान मोहम्मद शाबिर रँगरेज, दुर्गा देवी बलाई, संजु बलाई, टीना कुमारी तेली द्वारा सम्मानित किया गया ताकि उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित




किया जा सके। इस अवसर पर उन्हें समानता, साहस और आत्मनिर्भरता का संदेश दिया गया आए साथ ही महिला सशक्तिकरण से जुड़ी प्रेरणादायक कहानियां सुनाकर आत्मविश्वास बढ़ाया गया और कहा कि आज की बालिकाएं पारंपरिक भूमिकाओं (चौका-चूल्हा) से ऊपर उठकर शिक्षा, खेल, तकनीक और रक्षा जैसे हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं। यह सामाजिक बदलाव महिलाओं के सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को दर्शाता है, जो उन्हें घर की चहारदीवारी से बाहर निकलकर राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सफलता की नई ऊंचाइयों पर ले जा रहा है। बालिकाएं वर्तमान में शिक्षा,चिकित्सा, विज्ञान,रक्षा,राज नीति,आईटी,सहित हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है और अपना परचम लहरा रही है।

# हनुमान मंदिर में विहिप व बजरंग दल की बैठक आयोजित

### रीतेश गुर्जर बने बजरंग दल के जिला अध्यक्ष

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** कुंभा सर्किल स्थित हनुमानजी मंदिर परिसर में अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद और राष्ट्रीय बजरंग दल की बैठक आयोजित हुई। बैठक में संगठन विस्तार और आगामी गतिविधियों पर चर्चा की गई। इस दौरान सर्वसम्मति से रीतेश गुर्जर को राष्ट्रीय बजरंग



दल का भीलवाड़ा जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक में ओम प्रजापति, धनश्याम सोनी सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद भीलवाड़ा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 16 को होगा आयोजित



स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद जिला सचिव पीरू सिंह गौड़ ने बताया कि परिषद अध्यक्ष रतन लाल जाट व महासचिव राकेश जैन के नेतृत्व मे कार्यकारिणी की बैठक जिला न्यायालय परिसर स्थित कार्यकारिणी कक्ष मे आयोजित हुई। जिसमे अधिवक्ता परिषद द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 16 मार्च को मनाने का निर्णय लिया। सर्वसम्मति से इस आयोजन के लिए कीर्ति सोलंकी को कार्यक्रम संयोजक बनाया गया। कीर्ति सोलंकी ने बताया कि हर वर्ष कि भांति इस बार भी अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महेश स्कूल स्थित सभागार मे आयोजित होगा जिसमे महिला अधिवक्तागण भाग लेंगे और समाज की प्रतिभाओ का सम्मान किया जायेगा।

इस दौरान चित्तौड़ प्रान्त सचिव राजेश सामरिया, प्रान्त उपाध्यक्ष रघुनन्दन सिंह कानावत, प्रान्त सदस्य आदित्य नारायण जाजपुरा, जिला अभिभाषक संस्था पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र कचौलिया, कार्यालय मंत्री युवराज चंदेल, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य धर्मवीर सिंह कानावत, कोषाध्यक्ष अंकित शर्मा सहित कार्यकारिणी सदस्य उपस्थिति थे।

# लौकिक ज्ञान के साथ-साथ धार्मिक ज्ञान भी जरूरी- मुनि सुप्रभ सागर जी

स्मार्ट हलचल

**बिजौलियाँ।** बिजौलियाँ कस्बे के दिगंबर जैन पार्श्वनाथ तपोदय तीर्थ क्षेत्र पर शनिवार को भगवान पार्श्वनाथ के केवल ज्ञान दिवस पर विभिन्न धार्मिक आयोजन मैं श्रद्धालु बढ़ चढ़कर भाग लिया

मिली जानकारी के अनुसार प्रातःकाल बड़े बाबा के मंदिर शांत्र अभिषेक के पश्चात केवल ज्ञान-स्थली पर ध्वजारोहण विनोद कुमार सोमेश कुमार ठग परिवार महुआ वालों द्वारा किया गया।

पाठशाला की बालिकाओं द्वारा नृत्य पूर्ण मंगलाचरण प्रस्तुत किया गया। केवल ज्ञान स्थल पर सामूहिक पारसनाथ विधान पूजा संगीत में सुरेश पटवारी के निर्देशन में की गई।

दोपहर 2 बजे आचार्य विद्यासागर सभा भवन में चित्र



अनावरण दीप प्रज्वलन के बाद कमेटी का खुला अधिवेशन कमेटी के अध्यक्ष लाभचंद पटवारी की अध्यक्षता में रखा गया महामंत्री प्रकाश गोधा ने तीर्थ क्षेत्र का हिसाब प्रस्तुत किया अधिवेशन में राजेश काला सलावटीया जितेंद्र जैन चां|द जी की खेडी रूपलाल गोदा बिजोलिया ने अपने विचार व्यक्त किया।

धर्म सभा को संबोधित करते हुए दिगंबर जैन मुनि सुप्रभ सागर जी महाराज ने कहा की धार्मिक क्षेत्र पर ध्वज का बहुत महत्व रहता है और जीवन में लौकिक ज्ञान के साथ-साथ धार्मिक ज्ञान भी होना बहुत जरूरी है। दिगंबर जैन मुनि वैराग्यसागर महाराज ने कहा की धार्मिक क्षेत्र को सुरक्षित करने के लिए जैन समाज की पीढ़ी को आगे आने की आवश्यकता है और धार्मिक संस्कार देने के लिए प्रयास करना चाहिए कार्यक्रम का संचालन नरेंद्र जैन ने किया।

शाम को 5 बजे केवल ज्ञान-स्थली पर चतुर्मुखी पारसनाथ भगवान पर महा मस्त का अभिषेक का कार्यक्रम बड़ी श्रद्धा उल्लास के साथ संपन्न हुआ इसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थित रही। इस आयोजन में बिजोलिया कस्बे के अलावा भीलवाड़ा सिंगोली बोराव कोटा महुआ मानपुरा बेगू ग्वालियर चाकसू डाबी चाँद जी की खेडी सलावटिया आरोली से काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

# अशोक सोमानी उपाध्यक्ष नियुक्त

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा



उपभोक्ता अधिकार समिति के केंद्रीय अध्यक्ष सुनील राठी से परामर्श कर एवं संगठन की सहमति से केंद्रीय महासचिव प्रहलाद राय व्यास ने अशोक सोमानी को उपभोक्ता अधिकार समिति का उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। इस अवसर पर आयोजित बैठक में केंद्रीय महिला अध्यक्ष मधु जाजू एवं केंद्रीय मानव अधिकार प्रकोष्ठ के अशोक जी सोडाणी, भीलवाड़ा महिला जिला अध्यक्ष अर्चना दुबे, भीलवाड़ा युवा जिला अध्यक्ष अंकित सोमानी भी उपस्थित रहे। संगठन के पदाधिकारियों ने आशा व्यक्त की कि अशोक सोमानी अपने दायित्वों का निष्ठा एवं ईमानदारी से निर्वहन करते हुए उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा एवं संगठन को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

# 'गुरु खुद ही रामद्वारा रे '- कैलाश मण्डेला

### धर्म-सभा में आयोजित कवि सम्मेलन में कवियों ने जमाया रंग

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा (शाहपुरा)** । शाहपुरा-अंतरराष्ट्रीय राम स्नेही सम्प्रदाय की मुख्य पीठ पर चल रहे पांच दिवसीय फूलडोल महोत्सव के चतुर्थ दिवस पर रात्रि में आयोजित धर्म सभा में साहित्य सृजन कला संगम के सचिव एवं अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि एवं केन्द्रीय साहित्य अकादमी से पुरस्कृत साहित्यकार डॉ.कैलाश मण्डेला के संचालन में आयोजित आध्यात्मिक कवि सम्मेलन ने उपस्थित जन समुदाय को आनंद से विभोर कर दिया। पीठाधीश जगद्गुरु आचार्य श्री राम दयाल जी महाराज और संतजन की उपस्थिति में हुए इस गरिमामय कवि सम्मेलन का प्रारंभ पं. सुनील



भट्ट की गुरुवंदना एवं काव्य पाठ से हुआ जिसे सभी ने सराहा। हास्य कवि दिनेश बंटी ने अपनी हास्य रचनाओं से सभी को खूब हँसाया। उनकी बैंड-बाजा और बच्चों की वर्तमान स्थिति पर रचित कविता को खूब पसंद किया गया। इंदौर के वीर रस के कवि मुकेश मोलवा ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति से देश, समाज, हिंदुत्व और गौ माता पर अपनी रचनाओं से श्रोताओं में जोश भर दिया। कवि सम्मेलन के सूत्रधार एवं संचालक कवि कैलाश मण्डेला ने हास्य, वीर और आध्यात्म से ओत-प्रोत रचनाओं से अद्भुत समान बांधा। अपनी हास्य पैरोडियों, हेली गीतों और गुरु वंदना 'गुरु खुद ही रामद्वारा रे, ज्यांका भर्या हुया भंडारा रे' सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। आचार्य श्री ने धर्म और साहित्य की महत्ता को रेखांकित करते हुए सभी कवियों और उपस्थित पत्रकारों का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया।

# अग्रवाल महिला मंडल ने मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

## नव कार्यकारिणी की बैठक में संगठन विस्तार पर चर्चा, महिलाओं ने केक काटकर किया सेलिब्रेशन



स्मार्ट हलचल|महेन्द्र नागौरी

**भीलवाड़ा।** अग्रवाल महिला मंडल, भीलवाड़ा की नव कार्यकारिणी की बैठक महाराजा अग्रसेन भवन, शास्त्री नगर में आयोजित हुई। बैठक में संगठन की गतिविधियों पर चर्चा के साथ अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस उत्साह के साथ मनाया गया।

मंत्री अंजलि हिम्मतरामका ने बताया कि बैठक की शुरुआत नवनियुक्त पदाधिकारियों के अभिनंदन से हुई। इस दौरान महिलाओं ने समाज में नारी के उत्थान और योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए। वरिष्ठ सदस्य रूपा परसरामपुरिया और आशा दुदावत ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं। समाज की महिलाओं को स्वरोजगार के लिए भी प्रेरित किया जाना चाहिए।

अध्यक्ष रितु नागौरी ने बताया कि बैठक में संगठन के विस्तार और मंडल की सदस्याओं को नए दायित्व देने को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान महिलाओं ने केक काटकर महिला दिवस का उत्सव मनाया और विभिन्न मनोरंजक खेल भी खेले, जिनमें विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार दिए गए।

बैठक में उमा पाटोदिया, मंजू नागौरी, बीना अग्रवाल, अनु हिम्मतरामका, सीमा निमोदिया, गुड्डी नागौरी, सहित बड़ी संख्या में सदस्याएं मौजूद रही।

# केंद्र की ओबीसी सूची में 'दसनाम गोस्वामी' नाम जोड़ने की उठी मांग

## नामों की विसंगति से युवाओं को आरक्षण में आ रही परेशानी

स्मार्ट हलचल

**फुलिया कलां।** राजस्थान के दसनाम गोस्वामी समाज ने केंद्र सरकार की अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी )सूची में जाति के नाम को लेकर बनी विसंगति को दूर करने की मांग उठाई है। इस संबंध में शाहपुरा क्षेत्र के बीलिया निवासी लक्ष्मण लाल गोस्वामी ने प्रधानमंत्री कार्यालय के पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाई है।शिकायत में बताया गया है कि राजस्थान सरकार की ओबीसी सूची में समाज का नाम दसनाम गोस्वामी दर्ज है, जबकि केंद्र सरकार की ओबीसी सूची में इस समाज को गिरि, गोसाई, गुसाई जैसे अलग-अलग नामों से दर्शाया गया है। नामों में इस भिन्नता के कारण समाज के युवाओं को केंद्रीय नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण का लाभ लेने में कठिनाइयों का सामना करना पड रहा है।समाज के लोगों का कहना है कि दसनाम परंपरा में गिरि, पुरी, भारती, अरण्य, सागर, तीर्थ, सरस्वती, आश्रम, पर्वत और वन जैसे कुल दस उपनाम शामिल होते हैं। इसलिए राज्य और केंद्र दोनों सूचियों में एक समान नाम दसनाम गोस्वामी दर्ज किया जाना आवश्यक है,ताकि यह विसंगति समाप्त हो सके।ओर किसी प्रकार के कार्यों में बाधा उत्पन्न ना होवे।गोस्वामी ने बताया कि पीएमओ पोर्टल पर दर्ज शिकायत पर प्रधानमंत्री कार्यालय ने संज्ञान लेते हुए मामले को आगे की कार्रवाई के लिए केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय तथा राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को भेज दिया है। फिलहाल यह मामला विभागीय स्तर पर प्रक्रियाधीन बताया जा रहा है।

समाज के लोगों को उम्मीद है कि केंद्र सरकार इस मांग पर सकारात्मक निर्णय लेकर केंद्रीय ओबीसी सूची में दसनाम गोस्वामी नाम दर्ज करने की दिशा में आवश्यक कदम उठाएगी, जिससे समाज के युवाओं को आरक्षण का लाभ लेने में आ रही परेशानियां दूर हो।

# 5 साल से बिलौता पंचायत में भ्रष्टाचार के आरोप-जांच में दोषी भी मिले-फिर भी कार्रवाई नहीं-अब विधिक सहायता की गुहार

## जिला प्रशासन, संभागीय आयुक्त सहित पंचायत राज विभाग स्तर पर भी दोषियों के विरूद्ध लम्बित कार्यवाही

स्मार्ट हलचल

**टोंक/उनियारा।** उनियारा उपखंड क्षेत्र की पंचायत समिति उनियारा के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिलोता में वर्ष 2021 से 2025 तक विकास कार्यों में गंभीर अनियमितताओं, भ्रष्टाचार और गबन के आरोप सामने आए हैं। शिकायतों की जांच जिला स्तर की समितियों द्वारा किए जाने के बावजूद अब तक दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों पर कार्रवाई नहीं होने से पीड़ित पक्ष ने राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से विधिक सहायता की मांग की है।

जानकारी अनुसार परिवादी ने आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत बिलोता में निर्माण कार्यों में घटिया सामग्री का उपयोग, अधूरे कार्यों को पूर्ण दिखाकर भुगतान उठाने, प्रधानमंत्री आवास योजना में अपात्र लोगों को लाभ देने और पात्र परिवारों को वंचित रखने जैसी कई अनियमितताएँ सामने आई हैं।

### सीसी सड़क और नालियों में भी घोटाले के आरोप

ग्राम पंचायत बिलौता क्षेत्र में बनी सीसी सड़कों के दोनों ओर नालियों का निर्माण नहीं किया गया, जबकि भुगतान में नालियों का कार्य भी दर्शाया गया। कई जगहों पर घटिया निर्माण की शिकायतें भी सामने आई हैं। सीसी सड़क व इंटरलॉकिंग सड़कों में मौके पर नालियां नहीं है।

### मनरेगा में फर्जी मजदूरों के नाम से भुगतान

मनरेगा कार्यों में भी भारी फर्जीवाड़े के आरोप लगाए गए हैं। शिकायत में कहा गया है कि मस्टरोल में फर्जी श्रमिकों के नाम दर्ज कर भुगतान उठाया गया, जबकि कई श्रमिक गांव में मौजूद ही नहीं थे।

### स्कूल भवन और शौचालय निर्माण में अनियमितता

शिकायत के अनुसार सहादत नगर स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में विधायक कोष से लगभग 8 लाख रुपए की लागत से बने स्कूल भवन के निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया और अधूरे कार्यों को पूरा दिखाकर वित्तीय अनियमितता की गई। वहीं टीएडी योजना के तहत करीब 5 लाख रुपए से बने शौचालय निर्माण में भी गड़बड़ी सामने आई।

### जांच में कई अधिकारी व कार्मिक दोषी पाए गए सभी पर कार्यवाही नहीं

शिकायत के अनुसार जिला प्रशासन के आदेश पर गठित जांच समितियों में ग्राम पंचायत बिलौता के तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी जसराम मीणा, वर्तमान ग्राम विकास अधिकारी जगमोहन मीणा, सरपंच प्रशासक सुरेश मीणा और पंचायत समिति के कुछ तकनीकी अधिकारियों सहित करीब एक दर्जन जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारी जांच में दोषी पाए गए।

### 5 साल बाद भी कार्रवाई नहींजांच में दोषी-प्रशासन पर सवाल

शिकायतकर्ता का कहना है कि जांच रिपोर्ट आने के बावजूद करीब 5 साल से दोषियों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिला परिषद टोंक व पंचायत समिति उनियारा द्वारा दोषियों को संरक्षण दिए जाने के आरोप है कि जांच में दोषी पाए जाने पर भी कार्यवाही क्यों नहीं?जिससे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### विधिक सेवा प्राधिकरण से हस्तक्षेप की मांग

अब शिकायतकर्ता ने राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर को आवेदन देकर दोषियों को निलंबित करने, गबन की राशि की वसूली और विभागीय व कानूनी कार्रवाई कराने की मांग की है।

प्रशासन से जवाबदेही

अब सवाल यह है कि जब जांच में दोषी सामने आ चुके हैं तो कार्रवाई में देरी क्यों हो रही है? क्या जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई होगी या मामला फाइलों में ही दबा रहेगा। वहीं परिवादी ने बताया कि अगर जल्द ही जिला प्रशासन टोंक द्वारा जांच में दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही नहीं हुई तो वो माननीय न्यायालय में सिविल मुकदमा दर्ज करवाने को मजबूर होंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी उपखंड प्रशासन उनियारा और जिला प्रशासन टोंक की होगी।

# निशुल्क नेत्र जांच मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर में 79 रोगियों को परामर्श 13 को नेत्र ज्योति मिली



स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

श्री गणेश उत्सव प्रबंध एवं सेवा समिति एवं अन्धता निवारण सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में चार दिवसीय निशुल्क नेत्र जांच एवं परामर्श मोतियाबिंद शिविर आरसी व्यास कॉलोनी स्थित अपना घर वृद्धाश्रम में आयोजित किया गया जिसमें 79 नेत्र रोगियो को परामर्श दिया ऑपरेशन के बाद 13 नेत्र रोगियों को नेत्र ज्योति मिली

समिति मीडिया प्रभारी महावीर समदानी ने बताया कि डॉ कृष्णा हेडा फेको सर्जन द्वारा नेत्र रोगियों की निशुल्क जांच कर। उन सभी जरूरतमंद रोगियों के स्पर्श हॉस्पिटल में ऑपरेशन किए गये 20 गांवो से नेत्र रोगी अपने आंखों कि जांच कराने आए। शिविर में रोगियों को निशुल्क दवाइयां,काले चश्मे व आवास, भोजन की सुविधा दी गई।

इस अवसर पर समिति अध्यक्ष उदयलाल समदानी,सुभाष गर्ग,गणपत जागेटिया,रामनारायणनिशुल्क नेत्र जांच मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर में 75 रोगियों को परामर्श 25 को नेत्र ज्योति मिली।

# ओडो का खेड़ा में जानलेवा हमला करने के आरोप में 4 पुरुष और 2 महिला सहित 6 गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

कोतवाली थाना सर्कल में दिनांक 4 मार्च 2026 को ओडो का खेडा में हुए जानलेवा हमले के आरोपियों को कोतवाली थाना पुलिस ने घटना में शामिल 4 पुरूष व 2 महिला आरोपियों को घटना के बाद 5 घंटे बाद ही गिरफ्तार कर लिया । प्रार्थी चम्पालाल औड पिता नन्दाजी औड उम्र 54 साल निवासी ओड़ो का खेडा थाना कोतवाली भीलवाडा ने रिपोर्ट दर्ज करवायी और बताया कि पुरानी पारीवारीक रंजिश को लेकर मेरे काका पेमा ओड व उसके बेटे रतन ओड, ऊदा ओड, प्रकाश ओड, विनोद ओड, रतन ओड की पत्नी सायरी ओड, उदयलाल ओड की पत्नी प्रकाशी ओड सभी ने एक राय होकर घर में अनाधिकृत प्रवेश करके मेरे साथ तथा मेरे लडके राहुल व महेन्द्र के साथ मारपीट की ओर महेन्द्र को घसीटकर अपने घर पर लेकर कमरे में बंद कर दिया और जान से मारने की नियत से हमला किया गया । पुलिस ने मामला दर्ज किया और घटना के तुरन्त बाद ही घायलों को ईलाज हेतु हॉस्पीटल पहुंचाया गया।

### टीम का गठन

घटना को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी करने के लिये एसपी धर्मेन्द्र सिहं यादव, एएसपी पारस मल जैन के निर्देशन व वृताधिकारी शहर सज्जनसिंह के निकटतम सुपरविजन में टीम का गठन किया गया। थाना कोतवाली टीम जिसमे कोतवाल शिवराज गुर्जर, महेन्द्रसिंह उप निरीक्षक, हरीष कुमार सहायक उप निरीक्षक, अशोक कुमार सहायक उप निरीक्षक, मदनलाल सुथार सहायक उप निरीक्षक, एचसी मुकेश, विजेन्द्र कुमार, पिंकी, कांस्टेबल संजय, मनीष, महावीर सिंह, समय, मोहित, धर्मेन्द्र, हंसराज, महिला कांस्टेबल संतोष शामिल थे ।

### इन्हे किया गिरफ्तार

1. पेमा ओड पुत्र स्व. हरलाल ओड उम्र 68 साल पेषा मजदूरी निवासी ओडों का खेडा हरणी महादेव रोड
2. प्रकाश ओड पुत्र पेमा ओड उम्र 31 साल पेशा मजदूरी निवासी ओडो का खेडा हरणी महादेव रोड
3. विनोद ओड पुत्र रतन ओड उम्र 19 साल पेशा मजदूरी निवासी ओडो का खेडा हरणी महादेव रोड
4. रतनलाल ओड पुत्र श्री पेमा ओड जाति ओड उम्र 42 साल पेशा मजदूरी
5. सायरी पत्नि रतन ओड उम्र 40 साल पेशा मजदुरी
6. प्रकाशी पत्नि उदयलाल ओड उम्र 40 साल पेशा मजदुरी

# नजर आने तरबुज, ठंडे पानी के मटके...





(फोटो: राजेश जीनगर)

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

ग्रीष्म ऋतु की दस्तक के साथ ही शहर के चौराहों पर बिक्री के लिए ठंडे पानी के मटके और कुलर बनाने का काम जोर-जोर से चल रहा है तो वही भीषण गर्मी में राहत देने वाला फल तरबूज भी पर नजर आने लगा है। गर्मी बढ़ने के साथ ही कुलर, ठंडे पानी के मटके व तरबूजों की मांग बढ़ने लगेगी।

# मेंटीनेंस के नाम पर लिपापोती टौल वसुली का काम जारी

## हाईवे 758 नेशनल हाइवे पर रोड लाइटें बंद, राहगीर एवं वाहन चालक हो रहे हैं परेशान



स्मार्ट हलचल

**गुरला।** भीलवाड़ा जिले के गुरलां से निकल रहे राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 758 पर डिवाइडर पर लगाई गई रोड लाइटें बंद होने से ग्रामीणों व राहगीरों एवं वाहन चालकों के साथ ही गुरलां के शिव नगर स्थित ग्रामीणों आने जाने वाले राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। इसके बावजूद गुरलां (मुजरास ) टोल प्लाजा के जिम्मेदारों द्वारा रोड लाइटों को सही करने को लेकर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। आबादी क्षेत्र से निकल रहे राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 758 पर लगाई गई रोड लाइटों में नाम मात्र की ही रोड लाइटें ही जलती हैं, गोरा जी के पास लगी खम्भे पर लाइटें आंख-मिचौली जेसै टीमटिमा बंद रही है ऐसे में रोड लाइटों के आसपास के क्षेत्र में रात्रि में अंधेरा छाया रहता हैं। इसके साथ ही हाईवे पर आवारा पशुओं का भी जमावड़ा होने के चलते वाहनों के अंधेरे में उनसे टकराकर हादसा होने की आशंका लगी रहती हैं। रात में क्षेत्र में चोरियां होने की भी आशंका बनी रहती हैं। इसके बावजूद एनएचएआई के अधिकारियों एवं कार्यकारी एजेंसी द्वारा उन्हें शुरू करवाने को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा हैं। इससे ग्रामीणों में एनएचआई के प्रति भारी रोष व्याप्त हैं।

# शाहपुरा के प्रसिद्ध फूलडोल महोत्सव में जिला बहाली की स्टॉल लगी, सेल्फी प्वाइंट पर लोगों ने जताई जोरदार मांग...

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** के अंतरराष्ट्रीय फूलडोल महोत्सव में इस बार शाहपुरा जिला बहाली का मुद्दा सबसे बड़ा आकर्षण बन गया। शाहपुरा जिला बहाल करो संघर्ष समिति ने मेले में स्टॉल लगाकर भक्तों और आमजन के लिए विशेष सेल्फी प्वाइंट तैयार किया। मेले में आए लोग उत्साहपूर्वक सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर साझा कर अपनी मांग को और मजबूती दे रहे हैं।

संघर्ष समिति के महासचिव कमलेश मुंडेतिया ने बताया कि





स्टॉल पर युवाओं, महिलाओं और छात्रों का उत्साह देखते ही बन रहा है। इसके साथ ही, हस्ताक्षर अभियान भी चलाया जा रहा है, जिससे आमजन सीधे तौर पर सरकार तक अपनी आवाज़ पहुंचा रहे हैं।

संघर्ष समिति के अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा, संयोजक रामप्रसाद जाट, सह संयोजक सूर्य प्रकाश ओझा, कोषाध्यक्ष उदय लाल बेरवा और सहसचिव नूर मोहम्मद रंगरेज सहित कई पदाधिकारी लगातार अभियान में सक्रिय हैं।

पिछले वर्ष मेले में 34,050 लोगों ने हस्ताक्षर कर अपनी जनभावना मुख्यमंत्री तक पहुंचाई थी। इस वर्ष 8 मार्च को पंचमी के अवसर पर रामस्नेही संप्रदाय के पीठाधीश्वर आचार्य श्री राम दयाल जी महाराज भी संघर्ष समिति के सेल्फी प्वाइंट पर उपस्थित होकर आशीर्वाद देंगे।

मेले में आए आमजन ने सरकार से आग्रह किया कि शीघ्र शाहपुरा जिले को बहाल किया जाए, और इस प्रयास ने पूरे महोत्सव में जनजागरण और उत्साह की लहर पैदा कर दी है।

# कैटवॉक पर दिखा आत्मविश्वास, फाग के गीतों पर थिरकी हमराही की सखियां

## जयपुर के कलाकारों ने बिखेरे राधा-कृष्ण के रंग, एक मंच पर उतरा महिला दिवस और फागोत्सव का उल्लास

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा।** शहर की एक निजी वाटिका में 'हमराही ग्रुप' की ओर से आयोजित महिला दिवस और फागोत्सव कार्यक्रम में उत्साह, उमंग और भक्ति का त्रिवेणी संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की रंगत तब परवान चढ़ी जब विभिन्न क्षेत्रों से आई महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में सज्ज होकर 'कैटवॉक' के जरिए रैंप पर अपना आत्मविश्वास और संयम प्रदर्शित किया। ग्रुप अध्यक्ष आशा रामावत ने बताया कि उत्सव का मुख्य आकर्षण जयपुर से आए राधा-कृष्ण के स्वरूप रहे। कलाकारों की आरती और स्वागत के पश्चात फूलों की होली खेली गई। सिंगर नरेंद्र व अन्य के भजनों की धुनों पर हर उम्र की महिलाओं ने नृत्य किया और एक-दूसरे को फाग की बधाई दी। संरक्षिका रूपा परसरामपुरिया व निर्मला बरकतिया ने साझा किया कि इस आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करना था। कार्यक्रम में नगर परिषद की पूर्व सभापति मधु जाजू और राधिका पारीक बतौर विशेष अतिथि उपस्थित रहीं। उन्होंने महिलाओं के इस एकजुट प्रयास की सराहना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में संयोजिका मोना शर्मा, शशि अग्रवाल, मीता पारिक और शर्मिला रामावत का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर विमला झंवर, डॉ. संगीता काबरा, गीता मूंदड़ा, हंसा समदानी, मंजू डूंगरपुरिया, पारो सर्राफ निर्मला बुलिया, भावना पारीक आभा मित्तल, आभा मानसिंहा गीता लड्डा, प्रतिभा मानसिंहा, अर्चना अग्रवाल, कुसुम जाजू, ममता शर्मा, नीलू बागरानी, रितु मानसिंहा, संध्या गिगवाल, सुलोचना गर्ग, मीता जैन, सपना अग्रवाल, उर्मिल जैन, सारिका रारा साधना मिलाना, कुसुम पोखरना, नीरू, अजमेरा। संगीता बाबेल, रुचि छाबड़ा, आशा अग्रवाल, मधु लोढा, रेनू बंसल, नीलम शर्मा, आबा मानसिंहका, चंद्रनाहर, ममता चेलाना, सुलेखा अग्रवाल सहित शहर की गणमान्य महिलाएं उपस्थत थीं। कार्यक्रम में भजन सिंगर नरेंद्र ठमका संचालनकर्ता विक्रांत अमरवाल थे अंत में वृंदावन से आई पिंकल सोनी ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन कोरियोग्राफ़ी विक्रांत ने किया।

# डीईओ कार्यालय के कंट्रोल रूम में दो शारीरिक शिक्षकों का डेपुटेशन होने से, बिगड़ी स्कूली व्यवस्था

### परीक्षा के समय अध्यापकों की कमी से ग्रामीण नाराज

स्मार्ट हलचल | बिजौलिया

क्षेत्र के दो शिक्षकों की पिछले करीब डेढ़ माह से भीलवाड़ा जिला मुख्यालय स्थित डीईओ कार्यालय के कंट्रोल रूम में डेपुटेशन पर ड्यूटी लगाए जाने से स्थानीय स्कूलों की पढ़ाई व्यवस्था के साथ-साथ खेल गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं। वार्षिक परीक्षाओं के समय शिक्षकों की अनुपस्थिति से विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार पुरोहितों का खेड़ा उच्च प्राथमिक विद्यालय के शारीरिक शिक्षक सीताराम बसीटा तथा बैरिसाल स्कूल के शिक्षक सत्यनारायण खोईवाल





को जनवरी माह में करीब 100 किलोमीटर दूर भीलवाड़ा स्थित जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) कार्यालय के कंट्रोल रूम में डेपुटेशन पर तैनात किया गया है। दोनों शिक्षक पिछले डेढ़ माह से वहीं ड्यूटी दे रहे हैं, जिससे संबंधित स्कूलों में व्यवस्थाएं प्रभावित होने लगी हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि पहले से ही स्कूलों में स्टाफ की कमी बनी हुई है। ऐसे में परीक्षा के समय शिक्षकों को स्कूल से हटाकर जिला मुख्यालय पर ड्यूटी लगाना विद्यार्थियों के हित में नहीं है। इन दिनों छात्र वार्षिक परीक्षाओं की तैयारी में जुटे हुए हैं, लेकिन शिक्षकों की कमी के कारण पढ़ाई पर असर पड़ रहा है।

वहीं, शारीरिक शिक्षक के डेपुटेशन पर होने से स्कूलों में खेल गतिविधियां भी ठप हो गई हैं। खेल प्रशिक्षण और अभ्यास नियमित रूप से नहीं हो पा रहा, जिससे विद्यार्थियों की खेल प्रतिभा और तैयारी पर भी असर पड़ रहा है।

इस मामले को लेकर ग्रामीणों ने जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) भीलवाड़ा और जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर दोनों शिक्षकों की डेपुटेशन समाप्त कर उन्हें उनके मूल विद्यालय में पुनः पदस्थापित करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि जब जिले के आसपास भी कई स्कूल हैं, तो बिजौलिया क्षेत्र के शिक्षकों को 100 किलोमीटर दूर कंट्रोल रूम में लगाना उचित नहीं है।

# पन्नाधाय जी की जन्मजयंती पर अखिल भारतीय गुर्जर महासभा का कार्यक्रम आयोजित

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

पन्नाधाय जी की जन्मजयंती के अवसर पर अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के बैनर तले एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री हरीश जी भाटी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री कालू लाल गुर्जर ने की। इस अवसर पर अखिल भारतीय गुर्जर महासभा द्वारा श्री कालू लाल गुर्जर को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष घोषित किया गया। इस घोषणा पर उपस्थित



समाजजनों ने उनका स्वागत करते हुए शुभकामनाएँ दीं तथा सभी जिलाध्यक्षों ने माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया।

कार्यक्रम में राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष श्री पुरुषोत्तम फागणा, राजस्थान कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष श्री मोहन लाल वर्मा, समाजसेवी श्री देवकीनंदन 'काका', राजसमंद विधायक श्रीमती दीप्ति किरण माहेश्वरी, मालासेरी डूंगरी भगवान देवनारायण मंदिर के मुख्य पुजारी श्री हेमराज जी गुर्जर सहित महासभा के सभी जिलाध्यक्ष, समाजजन एवं कार्यकर्ताओं की गरिमामय उपस्थिति रही।

अपने संबोधन में श्री कालू लाल गुर्जर ने माता पन्नाधाय जी के अद्वितीय त्याग, बलिदान और राष्ट्रभक्ति को स्मरण करते हुए समाज को उनके आदर्शों पर चलने का संदेश दिया। उन्होंने महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, संस्कार, पर्यावरण संरक्षण तथा सामाजिक एकता के महत्व पर भी अपने विचार व्यक्त किए। साथ ही केंद्र एवं राजस्थान सरकार से मांग की कि पन्नाधाय के जीवन और उनके बलिदान को शिक्षा के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी वक्ताओं ने माता पन्नाधाय के त्याग और बलिदान को प्रेरणादायी बताते हुए समाज को उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन समाज के विकास और एकता के संकल्प के साथ हुआ।

# अवैध मत्स्याखेट पर हुई कार्यवाही

स्मार्ट हलचल

**अजमेर।** अवैध मत्स्याखेट की जानकारी होने पर विभाग द्वारा कार्यवाही की गई। सहायक निदेशक मत्स्य मदन सिंह ने बताया कि विभाग के निरीक्षण दल द्वारा नियमित निरीक्षण के दौरान आनासागर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आनासागर क्षेत्र में 77 रेस्टोरेन्ट के पीछे आनासागर के नाले के नीचे एक नाव व 2 चप्पू मय कड़े व 3 करंट फसला जाल सहित लावारिस अवस्था में छिपी हुई मिली। निरीक्षण दल द्वारा सम्पूर्ण चौपाटी का मौका निरीक्षण किया गया लेकिन मौके पर कोई व्यक्ति नहीं मिला। इस प्रकार मौके से लावारिस एक नाव एवं 2 चप्पू मय कड़े व 3 करंट फसला जाल सहित को नियमानुसार जप्त करते हुये मत्स्य कार्यालय अजमेर में पहुचाया गया। मत्स्य विभाग द्वारा अवैध मत्स्याखेट में लिप्त नाव मालिक की पहचान हेतु तफतीश की जा रही है। पहचान की पुष्टि होने पर पुलिस थाने में नाव मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाकर मत्स्य नियमानुसार राजस्थान मत्स्य (संशोधन) विधेयक-2025 के तहत 50 हजार रुपये तक का जुर्माना और 6 महीने तक की जेल की कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

# अंतर संभागीय सिविल सेवा खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य समापन

## तीन दिवसीय प्रतियोगिता में विभिन्न संभागों के 783 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा, अतिथियों ने विजेताओं को ट्रॉफी व प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

स्मार्ट हलचल | उदयपुर



कार्मिक विभाग के तत्वावधान में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित 12वीं राजस्थान राज्य अंतर संभागीय सिविल सेवा खेलकूद प्रतियोगिता का शनिवार को भव्य समापन हुआ। खेलगांव में आयोजित समापन समारोह में विभिन्न खेलों के विजेताओं को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समापन के अवसर पर आयोजित औपचारिक समारोह में संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। इस दौरान एडीएम प्रशासन दीपेंद्र सिंह राठौड़ सहित अन्य गणमान्य अतिथि भी उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं कार्मिकों में खेल भावनाए अनुशासन और टीमवर्क को बढ़ावा देती हैं। प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी एडीएम राठौड़ ने बताया कि तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में 145 महिला एवं 638 पुरुष प्रतिभागियों सहित कुल 783 खिलाड़ियों ने विभिन्न खेल स्पर्धाओं में भाग लिया।

फाइनल मुकाबलों का रोमांच

प्रतियोगिता में शनिवार को खेले गए फाइनल मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उपस्थित दर्शकों एवं खेल प्रेमियों को रोमांच से भर दिया। वॉलीबॉल और क्रिकेट के फाइनल मैचों में कड़े संघर्ष और बेहतरीन खेल भावना का प्रदर्शन देखने को मिला। वॉलीबॉल पुरुष वर्ग के फाइनल में अजमेर संभाग ने जोधपुर संभाग को कड़े मुकाबले में हराकर खिताब अपने नाम किया। यह मैच बेहद रोमांचक रहा और पूरे दो घंटे दो मिनट तक चला। कुल पांच सेटों में खेले गए इस मुकाबले में शुरुआत में अजमेर संभाग ने शानदार खेल दिखाते हुए पहले दो सेट जीत लिए। हालांकि इसके बाद जोधपुर संभाग ने दमदार वापसी करते हुए तीसरा और चौथा सेट अपने नाम कर लिया। इस तरह दोनों टीमों के बीच मुकाबला दो.दो सेट से बराबरी पर आ गया। इसके बाद 15 अंकों के निर्णायक पांचवें सेट में अजमेर संभाग ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 15.9 से जीत दर्ज कर खिताब पर कब्जा कर लियाए जबकि जोधपुर संभाग उपविजेता रहा।

### उदयपुर संभाग ने जीता क्रिकेट का खिताब

शनिवार को खेलगांव मैदान पर आयोजित क्रिकेट के फाइनल मुकाबले में उदयपुर संभाग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जयपुर संभाग को 8 विकेट से पराजित कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। मैच में जयपुर संभाग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। जयपुर की टीम 12 ओवर में 94 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीम की ओर से अजय बेनीवाल ने सर्वाधिक 51 रन बनाए। उदयपुर की ओर से गेंदबाजी में कैलाश मीणा और सागर जोशी ने तीन.तीन विकेट लिएए जबकि प्रशांत सोनी ने दो विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी उदयपुर संभाग की टीम ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। प्रशांत सोनी के नाबाद 38 रन और सागर जोशी के 26 रनों की बदौलत उदयपुर ने यह मुकाबला आसानी से 8 विकेट से जीत लिया और खिताब अपने नाम किया।

### विभिन्न स्पर्धाओं के परिणाम

कबड्डी पुरुष वर्ग में जयपुर मुख्यालय की टीम विजेता रहीए जबकि अजमेर उपविजेता रहा। महिला कबड्डी वर्ग में जयपुर मुख्यालय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और जयपुर संभाग उपविजेता रहा।

बास्केटबॉल पुरुष वर्ग में जोधपुर संभाग ने खिताब जीता और बीकानेर संभाग उपविजेता रहा। लॉन टेनिस पुरुष वर्ग में जयपुर संभाग विजेता रहा और बीकानेर संभाग उपविजेता रहा। वहीं महिला लॉन टेनिस वर्ग में जयपुर विजेता तथा उदयपुर उपविजेता रहा। बैडमिंटन पुरुष वर्ग में जयपुर संभाग ने प्रथम स्थान प्राप्त कियाए जबकि कोटा संभाग उपविजेता रहा। महिला बैडमिंटन वर्ग में उदयपुर विजेता रहा और बीकानेर उपविजेता रहा। टेबल टेनिस पुरुष वर्ग में जोधपुर संभाग विजेता और बीकानेर संभाग उपविजेता रहा। वहीं महिला टेबल टेनिस वर्ग में उदयपुर ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि जयपुर संभाग उपविजेता रहा।

# उदयपुर ट्रैकिंग ग्रुप का एडवेंचर कैंप

## अरावली की खूबसूरत वादियों में प्रकृति के संग रोमांच



स्मार्ट हलचल | उदयपुर

उदयपुर ट्रैकिंग ग्रुप के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक शानदार एडवेंचर कैंप का आयोजन किया गया। उदयपुर ट्रैकिंग ग्रुप के ग्रुप की अध्यक्षा अनीता माहेश्वरी ने बताया कि बेस कैंप पर टेंट्स की व्यवस्था की गई, जहां लगभग 40 महिलाओं ने रात्रि विश्राम किया। शाम को बोनफायर, मज़ेदार गेम्स, फिजिकल एक्टिविटीज़ और रोप एडवेंचर गतिविधियों के साथ सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्रकृति के बीच यादगार पल बिताए। अगले दिन प्रतिभागियों ने बेस कैंप से तिक्की की धुनी तक लगभग 9 किलोमीटर की ट्रैकिंग पूरी की, जिसमें करीब 5 घंटे का समय लगा। इस दौरान अरावली की खूबसूरत वादियाँ, झरने, वनस्पतियाँ, वन्यजीव और आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। ग्रुप के सचिव निलेश कोठारी ने बताया कि इस कैंप का मुख्य उद्देश्य प्रकृति के करीब रहना, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और अरावली की पहाड़ियों को स्वच्छ बनाए रखने का संदेश देना है। पूरे कार्यक्रम में उत्साह, रोमांच और प्रकृति प्रेम की शानदार झलक देखने को मिली। इस कार्यक्रम में मालेश्वरी शर्मा, लीना जायसवाल, रेखा सोनी, विनीता देवपुरा, मंजू पुरविया, सुशीला देवपुरा, वर्षा सोनी, स्मारिका माहूर, अन्नू लोढ़ा, कला गट्टानी, किरण चौधरी, रेणु चौधरी, कृष्णा सुहालका, वीणा शकदीप, प्रीति टांक, प्रमिला टांक, गीता राव, हेमा साहू सहित अन्य महिलाएँ उपस्थित रहीं।

# शीतल महिला मंच एवं विकास समिति के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन



स्मार्ट हलचल

**जमवारामगढ़।** शीतल महिला मंच एवं विकास समिति के द्वारा शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन ग्राम पंचायत डांगरवाड़ा के तेजाजी मंदिर पर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत खुशबू सैन के द्वारा स्वागत गीत एवं दीप प्रज्वलन कर प्रार्थना के साथ हुई। मंच संचालन संतोष शर्मा एवं मधु जांगिड के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि जमवारामगढ़ विधायक महेंद्र पाल मीणा ने महिलाओं को संबोधित किया। विधायक ने बेटी के जन्म पर वृक्षारोपण करने को कहा साथ ही शीतल महिला मंच से जुड़ी हुई महिलाओं को इसी प्रकार आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा दी एवं महिलाओं का उत्साहवर्धन किया। विशिष्ट अतिथि आंधी प्रधान मानसी मीणा ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं पर अत्याचार कम होने चाहिए एवं महिलाओं को उच्च स्तर पर दर्जा दिया जाना चाहिए। संस्था का परिचय संस्था निदेशक शिवचरण शर्मा ने दिया। मिस्टर शर्मा ने बताया कि शीतल महिला मंच करीब 4500 महिलाओं के साथ कार्य कर रहा है। मंच महिलाओं को जीविकोपार्जन एवं समाज में सम्मान दिलाने के लिए कार्यरत है। इंडियन बैंक से पधारे हुए दिनेश मीणा बैंक मैनेजर ने महिलाओं को संबोधित किया तथा कहा कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को समय पर कम ब्याज दर में कम से कम कागजी कार्रवाई पर लोन दिया जा रहा है और आगे भी दिया जाएगा।

जीवन धारा समाज कल्याण संस्था के निदेशक फादर लेकविन ने कार्यक्रम में भाग लिया उनके साथ सिस्टर पॉलिन भी कार्यक्रम में शामिल हुई एवं महिलाओं का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम में महिलाओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रोग्राम की प्रस्तुति दी साथ ही शीतल महिला मंच से जुड़ी हुई महिलाओं ने सफलता की कहानी बयां की। मंच के मेंबरों को शीतल महिला मंच द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में महिला मंच के कार्यकर्ता इंदिरा मीणा, अंजलि प्रजापत, प्रियंका शर्मा, मेनका शर्मा, शंकर शर्मा आदि का सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में जगदीश प्रजापति, संरक्षक शीतल महिला मंच, द्वारा पधारे हुए अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित कर आभार व्यक्त किया।

# डिग्गी में कार्रवाई तो निवाई में खामोशी क्यों?

## नकली दूध के बाद नकली घी फैक्ट्री पकड़ी, फिर भी खाद्य सुरक्षा अधिकारी पर नहीं हुई कार्रवाई?

स्मार्ट हलचल





**टोंक।** जिले में मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ लगातार ताबड़तोड़ कार्रवाईयां जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) द्वारा इन दिनों की जा रही हैं। जहां कार्रवाई को लेकर प्रशासन का दोहरा रवैया सामने आता दिखाई दे रहा है। एक ओर जहां बीते माह 3 फरवरी 2026 को डिग्गी कस्बे में नकली दूध बनाने की फैक्ट्री पकड़े जाने के बाद संबंधित क्षेत्र के खाद्य सुरक्षा अधिकारी मदनलाल गुर्जर को एपीओ कर दिया गया था, वहीं दूसरी ओर हाल ही में 5 मार्च 2026 को निवाई में नकली घी बनाने की फैक्ट्री पकड़े जाने के बावजूद अब तक संबंधित खाद्य सुरक्षा अधिकारी सत्यनारायण गुर्जर पर किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं होने से प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) ने 5 मार्च को निवाई क्षेत्र में छापा मारकर 500 किलो से अधिक नकली घी बरामद किया। यह कार्रवाई जिला स्पेशल टीम द्वारा संबंधित क्षेत्र में नियुक्त खाद्य सुरक्षा अधिकारी सत्यनारायण गुर्जर को मौके पर बुलाकर संयुक्त रूप से की गई। लेकिन बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि जब इतनी बड़ी मात्रा में नकली घी का कारोबार क्षेत्र में चल रहा था, तो इसकी जानकारी पहले से खाद्य सुरक्षा विभाग को क्यों नहीं थी। यदि विभाग को इसकी जानकारी नहीं थी तो यह स्पष्ट रूप से विभागीय लापरवाही का मामला है, और यदि जानकारी होने के बावजूद कार्रवाई नहीं की गई तो यह गंभीर प्रशासनिक उदासीनता को दर्शाता है। गौरतलब है कि फरवरी माह में डिग्गी कस्बे में डीएसटी द्वारा नकली दूध बनाने की फैक्ट्री पकड़े जाने के बाद प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से संबंधित खाद्य सुरक्षा अधिकारी मदनलाल गुर्जर को एपीओ कर दिया था। ऐसे में निवाई में नकली घी की बड़ी फैक्ट्री पकड़े जाने के बावजूद संबंधित अधिकारी पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं होना प्रशासनिक भेदभाव और दोहरे मापदंडों को उजागर करता नजर आ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब डीएसटी टीम को खाद्य सुरक्षा अधिकारी को मौके पर बुलाकर छापा मारना पड़ा, तो यह सवाल और गहरा हो जाता है कि आखिर विभागीय निगरानी तंत्र क्या कर रहा था। यदि विभाग अपनी जिम्मेदारी समय पर निभाता, तो संभवतः नकली घी का यह कारोबार इतने बड़े स्तर तक नहीं पहुंचता। जिले में लगातार सामने आ रहे मिलावट खोरी के मामलों ने न केवल आम लोगों के स्वास्थ्य पर खतरा बढ़ाया है, बल्कि संबंधित विभागों की कार्यशैली और जवाबदेही पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना यह होगा कि क्या प्रशासन डिग्गी की तरह निवाई प्रकरण में भी जिम्मेदारी तय करेगा, या फिर यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा।

# धरना प्रदर्शन को लेकर बैठक आयोजित



स्मार्ट हलचल | बनेड़ा

राजस्थान सहकारी कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के तत्वावधान में जयपुर में 9 मार्च को होने वाले विशाल धरना प्रदर्शन को लेकर के शनिवार को घाटी के बालाजी मंदिर परिसर में एक विशेष बैठक आयोजित हुई।

उक्त बैठक में तहसील क्षेत्र के ग्राम सेवा सहकारी समितियों व्यवस्थापकों एवं सहकार कर्मचारियों ने भाग लिया। जिसमें सोमवार को जयपुर स्थित सहकार भवन में आयोजित होने वाले धरना प्रदर्शन मे भाग लेने के लिए रणनीति तैयार करने के साथ ही अधिक से अधिक सहकार कर्मियों को धरना प्रदर्शन मे भाग लेने का आव्हान किया गया। इस दौरान तहसील अध्यक्ष सोपात हुसैन मंसूरी उपाध्यक्ष सुमेर सिंह उपाध्यक्ष सद्दाम हुसैन मंसूरी, जिला महामंत्री राजू लाल गुर्जर, पवन कुमार वर्मा राकेश ओझा, गोपाल लाल गुर्जर रईस मंसूरी गजानंद कुमावत, देवीलाल वैष्णव हरिशंकर कुमावत शिवलाल कुमावत बनवारी गिरि गोस्वामी रामेश्वर लाल माली कल्याण गाडरी कैलाश चंद्र कुमावत राहुल कुमार गर्ग उपस्थित थे।

# पुष्कर में 43 दिवसीय शत गायत्री पुरश्चरण महायज्ञ आज से शुरू, महायज्ञ कलश एवं शोभायात्रा से होगा शुरु

स्मार्ट हलचल

**अजमेर।** धार्मिक नगरी पुष्कर में रविवार 43 दिवसीय शत गायत्री पुरश्चरण महायज्ञ का शुभारंभ होगा । प्राप्त जानकारी के अनुसार सबसे बड़ा 43 दिवसीय चलने वाले शत गायत्री पुरश्चरण महायज्ञ की शुरुआत कलश एवं शोभायात्रा के साथ की जायेगी । यह कलश यात्रा ब्रह्म घाट से शुरू होगी । जिसमें सभी महिलाएँ एक जैसे परिधान पहन कर कलश लेगी। कलश के उपर नारियल एवं कलश को अशोक पत्तों से सजाया जाएगा । नगरवासियों द्वारा शोभायात्रा का जगह स्वागत किया जाएगा । इस यह का आयोजन स्वामी प्रखर महाराज द्वारा किया जा रहा है । पुष्कर में पहला एवं सबसे बड़ा महायज्ञ होगा, जो 43 दिनों तक चलेगा ।



रविवार को दोपहर में साढ़े तीन बजे स्वामी प्रखर महाराज के सान्निध्य में कई संत महात्मा , महामण्डलेश्वर एवं यजमान परिवार , दो हजार विद्वान पंडितों के साथ साथ सैकड़ों श्रद्धालु महिला -पुरुष यज्ञ स्थल से रवाना होकर ब्रह्म घाट पहुंचेंगे । हजारों महिलाएँ कलश में पवित्र पुष्कर सरोवर का जल लेगी । इससे पूर्व पूजा अर्चना होगी ।शोभायात्रा में तीन अलग अलग बैंड , ध्वज वाहक घोड़े , छह बग्घियां के साथ साथ सात आकर्षक झांकियां भी शामिल होंगी जिनका कस्बे में जगह जगह हजारों किलों पुष्पों से भव्य स्वागत किया जाएगा । यह कलश यात्रा गऊ घाट , सदर बाजार , बद्री घाट , वराह चौक , महादेव चौक , सूर्य धर्मशाला , नए रंग जी मंदिर , गुरुद्वारा, हाई लेवल ब्रिज , ब्रम्ह सावित्री वेद विद्यापीठ होते हुए पुनः यज्ञ स्थल पर जाकर सम्पन्न होगी ।पश्चात सभी यजमानों द्वारा कलश स्थापित किए जाएंगे।

यज्ञ में शामिल होने के लिए देश के कोने कोने से हजारों विप्र बंधु पहुंचने लग गए हे। इस महायज्ञ के शुभारंभ अवसर पर महा निर्वाणी अखाड़े के महामंडलेश्वर विशोकानंद जी भारती सहित अनेक संत-महात्मा उपस्थित रहेंगे।यह महायज्ञ 8मार्त से 19 अप्रैल तक 43 दिनों तक अनवरत चलेगा। महायज्ञ के लिए विशेष रूप से 200 यज्ञ कुंड बनाए गए हैं, जहां विद्वान आचार्यों के आचार्यत्व में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच देशभर से पहुंचे हुए 200 यजमान दंपति प्रतिदिन आहुतियां देंगे ।महायज्ञ स्थल पर ही प्रतिदिन लगभग 2000 संध्या-वंदन करने वाले विप्र गायत्री मंत्र का सामूहिक जाप करेंगे। इस प्रकार पूरे आयोजन के दौरान करीब 27 करोड़ गायत्री मंत्रों के जाप का संकल्प लिया गया है, जिसे विश्व शांति और मानव कल्याण के उद्देश्य से समर्पित किया । यह महायज्ञ प्रखर परोपकार मिशन ट्रस्ट और विप्र फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हो रहा है ।इस कार्यक्रम की तैयारिया पूर्ण कर ली गई है ।

# मोदी सरकार की गलत नीतियों के कारण एलपीजी सिलेंडर में भारी वृद्धि गरीब और मध्यम वर्गीय तबका हुआ बेहालः जाड़ावत

स्मार्ट हलचल



**शंभूपुरा।** कांग्रेस की मनमोहन सरकार में जहां पहले 400 रुपए का सिलेंडर था, वहीं अब यह 945 रुपए से अधिक हो गया है, जिससे घरेलू बजट पर बोझ पड़ा है जो पहले 5 रुपए या थोड़ी बढ़ोतरी पर भी भाजपा सड़कों पर आ जाती थी,अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप की नीतियों के आगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरेंडर हो चुके है जिसका खामियाजा देश की जनता को भुगतना पड़ रहा है आज देश का गरीब और मध्यमवर्गीय तबका इस महंगाई की दंश झेल रहा है आने वाले समय में पेट्रोल डीजल के दाम बढ़ने की भी आशंका बनी हुई है।

मार्च 2026 में शादी और होली के सीजन के बीच घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि 60 रुपए और कमर्शियल सिलेंडर में वृद्धि 114 रुपए होने से रेस्टोरेंट और कैटरिंग व्यवसायों पर बोझ बढ़ गया है, जिससे आम जनता पर महंगाई की मार पड़ने की आशंका है। पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्रसिंह जाड़ावत ने इस पर सवाल उठाए हैं और कहा कि मोदी सरकार की गलत नीतियों की वजह से आमजन पर मंहगाई की मार पड़ रही है।

घरेलू गैस 60 रुपए बढ़ाकर घर का बजट बिगाड़ दिया है और कमर्शियल गैस 114 महंगी होने से बाहर का खाना, मिठाइयां और शादी-ब्याह का कैटरिंग बजट बढ़ना तय है, जो सीधे आम आदमी की जेब पर असर डालेगा होली और शादियों पर असर इसका सीधा असर होगा, यह वृद्धि ऐसे समय में हुई है जब देश में त्योहारी और शादी का सीजन शुरू होने वाला है।

पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्रसिंह जाड़ावत ने इस बढ़ोतरी पर हमला बोलते हुए कहा है कि मोदी सरकार ने 2026 की शुरुआत से ही कमर्शियल एलपीजी के दाम बढ़ाकर आम आदमी की जेब पर डाका डाल चुके थे आज फिर 60 रुपए घरेलू 114 रुपए बढ़ाना उनकी गलत नीतियों का खामियाजा देश की जनता को भुगतना पड़ेगा।

# लेपर्ड हमले में मृतक के परिजनों से मिली विधिक सेवा प्राधिकरण की टीम

स्मार्ट हलचल | उदयपुर

जंगली जानवरों के हमलों से पीड़ित लोगों को न्याय और मुआवजा दिलाने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उदयपुर की टीम ने उपली बड़ी क्षेत्र में लेपर्ड हमले में मृतक व्यक्ति के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें आवश्यक कानूनी सहायता एवं शीघ्र मुआवजा दिलवाने का आश्वासन दिया।

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के तत्वावधान में जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उदयपुर के अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश गुप्ता के निर्देशन में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली की मानव-वन्यजीव संघर्ष पीड़ितों के लिए न्याय तक पहुंच (नाल्सा एच.डब्ल्यू.सी.) योजना-2025 के तहत गठित टीम ने गांव उपली बड़ी पहुंचकर मृतक के परिवारजनों से मुलाकात की। प्राधिकरण सचिव कुलदीप शर्मा ने बताया कि नाल्सा द्वारा जारी इस योजना का उद्देश्य शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जंगली जानवरों के हमलों से पीड़ित व्यक्तियों को समाज की मुख्यधारा में लाना तथा उन्हें मुआवजा दिलाने में कानूनी सहायता प्रदान करना है। योजना के तहत यदि किसी व्यक्ति पर जंगली जानवर हमला कर देता है और उसे क्षति पहुंचती है या उसकी मृत्यु हो जाती है, तो पीड़ित या उसके आश्रितों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

श्री शर्मा ने बताया कि 1 मार्च 2026 को समाचार पत्रों में उपली बड़ी क्षेत्र में लेपर्ड हमले से एक व्यक्ति की मृत्यु की खबर प्रकाशित होने के बाद प्राधिकरण ने इस मामले में संज्ञान लिया। इसके बाद जिला कलेक्टर एवं मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) को पत्र भेजकर मुआवजा प्रक्रिया से संबंधित जानकारी मांगी गई। उपवन संरक्षक अजय चितौड़ से रिपोर्ट प्राप्त होने पर एच.डब्ल्यू.सी. योजना के तहत नोडल अधिकारी संतोष कुमार मेनारिया तथा चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल गोविंद वैष्णव (अधिवक्ता) को पीड़ित परिवार से मिलने के लिए गांव उपली बड़ी भेजा गया।टीम ने मृतक के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें योजना की जानकारी दी और बताया कि मृतक की माता आश्रित पाई गई हैं, जिन्हें निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर वन विभाग के माध्यम से जल्द मुआवजा दिलवाने का भरोसा भी दिलाया गया। टीम ने ग्रामीणों को भी जागरूक करते हुए अपील की कि जब तक पैंथर को पकड़कर पिंजरे में नहीं डाला जाता, तब तक हॉटस्पॉट क्षेत्र के आसपास जाने से बचें। सचिव कुलदीप शर्मा ने जिले के नागरिकों से अपील की कि यदि किसी आवासीय क्षेत्र में जंगली जानवर की हलचल हो या उसके हमले से कोई घायल या मृत होता है, तो पीड़ित या उसके आश्रित निःशुल्क विधिक सहायता के पात्र हैं।

# सुविवि में 9 मार्च से 'मंडलाः प्लीजेंटली इंक्लूसिव 2026' उत्सव, सप्ताहभर होंगे विविध आयोजन

स्मार्ट हलचल | उदयपुर

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के यूजीसी महिला अध्ययन केंद्र की ओर से 'मंडलाः प्लीजेंटली इंक्लूसिव 2026' उत्सव का आयोजन 9 मार्च से किया जाएगा। सप्ताहभर चलने वाले इस उत्सव में लैंगिक समानता, महिला सशक्तीकरण और सामाजिक समावेशिता से जुड़े कई शैक्षणिक, सांस्कृतिक और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होंगे। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों, शोधार्थियों और आमजन में महिला अधिकारों, लैंगिक संवेदनशीलता तथा समावेशी समाज की अवधारणा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम के तहत शोध पत्र लेखन कार्यशाला, जेंडर वॉक, साहित्यिक आयोजन, फिल्म स्क्रीनिंग, कार्यशाला, जेंडर मेला और सांस्कृतिक संध्या जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

### शोध पत्र लेखन कार्यशाला से होगी शुरुआत

उत्सव की शुरुआत 9 मार्च को दो दिवसीय शोध पत्र लेखन कार्यशाला से होगी। यह कार्यशाला विशेष रूप से युवा शोधकर्ताओं और आदिवासी विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जा रही है, जिसका उद्देश्य प्रतिभागियों में शोध लेखन की समझ और कौशल विकसित करना है। यह कार्यशाला महिला अध्ययन केंद्र, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय और माणिक्य लाल वर्मा जनजातीय शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान, उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगी।

### 'जेंडर वॉक' से होगा लैंगिक संवेदनशीलता का विश्लेषण

11 मार्च को भूगोल विभाग, यूसीएसएसएच, सुविवि के सहयोग से 'जेंडर वॉकः जाने क्या दिख जाए' का आयोजन किया जाएगा। यह वॉक हाथीपोल से शुरू होकर गुलाब बाग और गणगौर घाट से होते हुए फतहसागर पर समाप्त होगी। इस दौरान विद्यार्थी पर्यटन स्थलों पर लैंगिक संवेदनशीलता का अध्ययन करते हुए सर्वे, सोशल एक्सपेरिमेंट और काउंटर मैपिंग जैसी गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता फैलाएंगे। इसी दिन शाम को जाजम कैफे, उदयपुर के सहयोग से साहित्यिक कार्यक्रम 'मौन-मुग्ध काव्यः एकांत की कुछ उजली कविताएं' आयोजित किया जाएगा।

### 'मर्दानी 3' की स्क्रीनिंग और पॉश पर कार्यशाला

12 मार्च को बाप्पा रावल सभागार, गोल्डन जुबली गेस्ट हाउस, सुविवि में फिल्म 'मर्दानी 3' की स्क्रीनिंग की जाएगी। यह फिल्म मानव तस्करी, भिखारी माफिया और बालिकाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों जैसे संवेदनशील मुद्दों को उजागर करती है। 13 मार्च को पॉश) अधिनियम 2013 – कार्य-स्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम, निषेध और निवारण – विषय पर कार्यशाला आयोजित होगी। यह कार्यशाला जतन संस्थान, उदयपुर और विश्वविद्यालय की आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) के सहयोग से होगी।

### जेंडर मेला और सांस्कृतिक संध्या के साथ समापन

14 मार्च को महिला अध्ययन केंद्रों के क्षमता निर्माण विषय पर क्षेत्रीय संवाद आयोजित किया जाएगा। इसी दिन सुबह 11 बजे से जेंडर मेला भी लगाया जाएगा, जिसमें विभिन्न स्टॉल और गतिविधियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

सप्ताहभर चलने वाले इस उत्सव का समापन एक सांस्कृतिक संध्या के साथ होगा, जिसमें शहर के कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। साथ ही उदयपुर की उन महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने समाज में उल्लेखनीय कार्य कर प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। कार्यक्रम से जुड़ी जानकारी महिला अध्ययन केंद्र के इंस्टाग्राम पेज @ cws_mlsu_udaipur पर भी प्राप्त की जा सकती है।

# श्री महाराणा कुंभा सेवा संस्थान में कमरे व बेसमेंट का लोकार्पण

**चित्तौड़गढ़।** नोबल स्कूल के सामने श्री देवनारायण मंदिर के पास श्री महाराणा कुंभा सेवा संस्थान में स्व. किशन सिंह राणावत की स्मृति में पत्नी मिट्ठू कंवर व पुत्र तख्त सिंह राणावत द्वारा बनवाये गये कमरे व बेसमेंट का सांसद सीपी जोशी के मुख्य आतिथ्य, विधायक चन्द्रभान सिंह आक्या की अध्यक्षता, उदय सिंह खंगारोत, हर्षवर्धन सिंह रूद, देवीसिंह राणावत, नरपत सिंह भाटी, नारायण सिंह नारेला, पूर्व प्रधान देवेंद्र कंवर प्रधान, गौरव त्यागी आदि के आतिथ्य में लोकार्पण कियया गया।

इस अवसर क्षत्रिय महिलाओं द्वारा फाग उत्सव भी धूमधाम से पारंपरिक रूप से मनाया गया। ब्राह्मण समाज, कीर समाज, गुर्जर समाज के प्रतिनिधियों ने भी सांसद व विधायक का सम्मान किया। सांसद सीपी जोशी एवं विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने भामाशाह तख्तसिंह व मिट्ठू कंवर का सांवलियाजी एवं बायणमाता की तस्वीर भेंट कर सम्मान किया। संस्थान की ओर से प्रदीप सिंह नाहरगढ़, राजेंद्र सिंह नारेला, संपत्त सिंह शेखावत, पार्षद छोटू सिंह शेखावत, मुकुंद सिंह, देवेंद्र पाल सिंह, केसर सिंह, नारायण सिंह, दिलीप सिंह आदि ने अतिथियों का स्वागत किया।

# अमृतकौर चिकित्सालय की बदहाल व्यवस्था के खिलाफ कांग्रेस का हल्ला बोल

**मेडिकल कॉलेज शीघ्र शुरू करने, न्यूरोलॉजी-कार्डियोलॉजी विभाग स्थापित करने सहित 9 प्रमुख मांगों पर ज्ञापन**

**कांग्रेस ने किया पीएमओ डॉ. एस.एस. चौहान का घेराव और सीएमएचओ डॉ. संजय गहलोत द्वारा समय देने के बावजूद अनुपस्थित रहने पर कड़ी नाराज़गी**

## 15 दिनों में ठोस कदम न उठाने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी

स्मार्ट हलचल



**ब्यावर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, ब्यावर के अध्यक्ष एडवोकेट अजय शर्मा के नेतृत्व में जवाजा ब्लॉक अध्यक्ष के साथ राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय की गंभीर चिकित्सा अव्यवस्थाओं के खिलाफ आज एक निर्णायक कदम उठाया गया और पीएमओ डॉ सुरेन्द्र सिंह चौहान का घेराव किया गया। हाल ही में ऐतिहासिक बादशाह मेले के दौरान पुण्यात्मा श्री चन्द्रप्रकाश अग्रवाल (बादशाह) जी के आकस्मिक निधन ने अस्पताल की चरमराती व्यवस्था की पूरी पोल खोल दी। इस घटना के बाद ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने गहन स्थलीय जाँच की, जिसमें स्थानीय चिकित्सकों, मरीजों, परिजनों एवं प्रभावित परिवारों से विस्तृत बातचीत शामिल थी।

इस जाँच के आधार पर तैयार एक विस्तृत ज्ञापन माननीय चिकित्सा मंत्री, राजस्थान सरकार को प्रेषित किया गया है। ज्ञापन की प्रतियां मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) तथा प्राचार्य चिकित्सा अधिकारी (पीएमओ), अमृतकौर चिकित्सालय, ब्यावर को भी भेजी गई हैं।

ज्ञापन में उजागर प्रमुख अव्यवस्थाएँ: ब्यावर का राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय न केवल जिले का, अपितु अजमेर, पाली, राजसमंद, नागौर एवं भीलवाड़ा सहित आसपास के पाँच जिलों के लाखों नागरिकों के लिए एकमात्र प्रमुख चिकित्सा केंद्र है।

आज के घेराव कार्यक्रम में हुई घटना पर कड़ी नाराज़गी:

आज शनिवार प्रातः10.30 बजे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा सीएमएचओ एवं पीएमओ को घेराव कर ज्ञापन सौंपने का कार्यक्रम निर्धारित था। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, स्थानीय नागरिक एवं प्रभावित परिवार अस्पताल परिसर में एकत्र हुए। घेराव से पूर्व सीएमएचओ डॉ. संजय गहलोत से फोन पर संपर्क कर समय एवं उद्देश्य स्पष्ट किया गया था तथा उन्होंने उपस्थित होने का आश्वासन बावजूद अंतिम समय में अनुपस्थित रहकर ज्ञापन प्राप्त करने से भी परहेज किया।

एडवोकेट अजय शर्मा ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि 'यह जनता के प्रति घोर असम्मान, जवाबदेही से भागने एवं स्वास्थ्य सेवाओं की अनदेखी का स्पष्ट उदाहरण है। हम शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगें रखने आए थे, किंतु प्रशासन द्वारा जनप्रतिनिधियों एवं जनता की आवाज को अनसुना करना अस्वीकार्य है। लाखों लोगों की जान की बात है - हम अब और नहीं चुप रहेंगे। '

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि 16 दिवस के भीतर चिकित्सा व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हुआ तो अगला चरण और सख्त होगा - जिसमें जिला मुख्यालय पर धरना, जनआंदोलन एवं अन्य जन-दबाव कार्यक्रम शामिल होंगे।

हम पुनः मांग करते हैं कि उक्त सभी बिंदुओं पर गहन जाँच समिति गठित की जाए तथा 15 दिनों के अंदर स्पष्ट कार्ययोजना एवं समयबद्ध कार्यान्वयन प्रस्तुत किया जाए। मेडिकल कॉलेज की शुरुआत अब समय की मांग है। यह मुद्दा अब केवल अस्पताल की नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की स्वास्थ्य सुरक्षा का है। हम जनता के स्वास्थ्य के साथ कोई समझौता नहीं करेंगे।

इस अवसर पर कपासन प्रभारी आशीषपाल पदावत, पूर्व विधायक माणक डाणी, पूर्व सभापति शांति डाबला, गोविंद पंडित, सतीश जाग्रत, पूर्व नेता प्रतिपक्ष दलपत राज मेवाड़ा, पूर्व पार्षद घनश्याम फुलवारी, विकास दगदी, जीवराज जावा, अल्पसंख्यक विभाग जिलाध्यक्ष अजमत काठात, एससी जिलाध्यक्ष बिरदीचंद खोरवाल, चिकित्सा विभाग जिलाध्यक्ष डॉ नरेंद्र काठात, ओबीसी जिलाध्यक्ष कैलाश गहलोत, मंडल अध्यक्ष हिमांशु शर्मा, मनीष सामरिया, हरिराम मेघवाल, सिकन्दर काठात, एस सी ब्लॉक अध्यक्ष जवाजा डॉ जगदीश कुमार, पुष्पांजलि पारीक, शोभा चौधरी, यशोदा गुर्जर, सुलक्षणा शर्मा, राजेन्द्र ओस्तवाल, चन्नू यादव, अश्विनी प्रजापत, बृजवल्लभ पाराशर, अजय मून्दडा, गोपाल डाणी, रोहित बजारी किशन पाराशर, रामलाल लखन, लक्ष्मीनारायण वर्मा, राजेन्द्र एन अग्रवाल, जगदीश छत्रावत, प्रशांत प्रजापति, धर्मेन्द्र बारिया, अरविन्द जाटव, संदीप सांखला, एडवोकेट शम्भु यादव, जितेंद्र सिंह राजावत, पुरुषोत्तम सेवानी, पुखराज साँखला, सूबेदार मोहन सिंह, पंचायती राज ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश आर्य, एससी विभाग जिला उपाध्यक्ष योगेश सामरिया, युवा कांग्रेस अध्यक्ष मनीष सांखला, ओमप्रकाश जोधावत, हाजी शकूर काठात, रणजीत सिंह लोटियाना, शकील खिलजी, हनुमान साँखला, मोहमद शरीफ कुरेशी, जाकिर पठान, जाकिर काठात, इकबाल काठात, गजेंद्र सिंह, संजय शर्मा, राजेश जादम, कान्हा पवार, मोनु, गोतम, लोकेश,जीतु भाटी, अर्जुन सांखला, हृदयेश बैरवा, विक्रम बैरवा, शिवलाल तुंगरिया, यशपाल तुंगरिया, मो इकबाल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### प्रतिदिन हजारों मरीज आउटडोर एवं इमरजेंसी में यहाँ आते हैं, किंतु निम्नलिखित गंभीर खामियाँ सामने आई हैं:

1. ट्रोमा सेंटर में 8-8 घंटे की ड्यूटी पर सर्जन, ऑर्थोपेडिक एवं एनेस्थीसिया विशेषज्ञों की नियमित अनुपस्थिति
2. न्यूनतम चार एनेस्थीसिया विशेषज्ञों की कमी के कारण कई ऑपरेशन अस्पताल के बाहर निजी संस्थानों में हो रहे हैं, जिससे मरीजों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है
3. विशेषज्ञ रेडियोलॉजिस्ट की अनुपस्थिति से डायग्नोस्टिक सेवाएँ विलंबित
4. एमआरआई मशीन की पूर्ण अनुपस्थिति एवं पुरानी सीटी स्कैन मशीन बार-बार खराब
5. गायनोलॉजिस्टों की संख्या अपर्याप्त, ग्रामीण महिलाओं को उचित उपचार नहीं मिल पा रहा
6. मेडिसिन विभाग में विशेषज्ञ चिकित्सकों की भारी कमी
7. पेडियाट्रिशियन की अपर्याप्त संख्या से शिशु एवं बच्चों के इलाज में जोखिम
8. ट्रोमा, आईसीयू एवं लेबर रूम की 24म7 व्यवस्था चाक-चौबंद नहीं, रात्रि में स्टाफ एवं उपकरणों की कमी सामान्य
9. न्यूरोलॉजी एवं कार्डियोलॉजी जैसे महत्वपूर्ण विभागों की पूर्ण अनुपस्थिति, जिसके कारण जटिल हृदय एवं मस्तिष्क संबंधी आपातकालीन मामलों में मरीजों को जयपुर रेफर करना पड़ता है

### ज्ञापन में की गई प्रमुख मांगें:

1. ट्रोमा सेंटर में 8-8 घंटे की ड्यूटी पर सर्जन, ऑर्थोपेडिक एवं एनेस्थीसिया विशेषज्ञों की तत्काल नियुक्ति
2. न्यूनतम चार एनेस्थीसिया विशेषज्ञों की भर्ती
3. विशेषज्ञ रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति
4. नई एमआरआई मशीन एवं आधुनिक सीटी स्कैन की 3 माह में स्थापना
5. गायनोलॉजिस्टों की संख्या दोगुनी करने एवं गायनी-शिशु रोग विभाग में 24 घंटे चिकित्सक एवं स्टाफ की व्यवस्था
6. मेडिसिन विभाग में कम से कम 5 अतिरिक्त विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति
7. पेडियाट्रिशियनों की संख्या न्यूनतम 4 करने की व्यवस्था
8. ट्रोमा, आईसीयू एवं लेबर रूम की 24म7 पूर्ण सुसज्जित सेवाएँ (जनरेटर, ऑक्सीजन, स्टाफ सहित)
9. ब्यावर में प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज को शीघ्रातिशीघ्र शुरू किया जाए, ताकि न्यूरोलॉजी एवं कार्डियोलॉजी विभाग सुचारू रूप से संचालित हो सकें तथा आसपास के जिलों के मरीजों को उच्च स्तरीय उपचार स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सके।

# टोंक के तीन होनहारों का कमाल

**साक्षी जैन ने 37वीं रैंक के साथ रचा इतिहास, निवाई के प्रिंस बारवाल ने 401वीं और शुभम मीणा 929वीं रैंक के साथ बने आईएएस**



स्मार्ट हलचल

**टोंक।** जिले के तीन होनहारों ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की प्रतिष्ठित परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर टोंक जिले का नाम पूरे देश में रोशन कर दिया है।इन युवाओं की उपलब्धि से जिले में खुशी की लहर है और हर कोई उन्हें बधाई दे रहा है।

टोंक शहर की प्रतिभाशाली यूपीएससी छात्रा साक्षी जैन ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए देशभर में 37वीं रैंक हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि को जिले के लिए गर्व का क्षण माना जा रहा है। साक्षी की सफलता से परिवार, मित्रों और शहरवासियों में खासा उत्साह है। वहीं निवाई क्षेत्र के मूंडिया गांव निवासी प्रिंस बारवाल ने भी यूपीएससी परीक्षा में 401वीं रैंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उनकी इस सफलता से गांव और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इसी तरह देवली उपखंड के नासिरदा उप तहसील क्षेत्र के मानपुरा गांव निवासी शुभम मीणा ने 929वीं रैंक प्राप्त कर टोंक जिले का नाम रोशन किया है। शुभम की इस उपलब्धि से परिवार और क्षेत्र के लोगों में गर्व की भावना है। टोंक जिले में इन तीनों युवाओं की सफलता ने यह साबित कर दिया है कि मेहनत, लगन और सही दिशा में प्रयास करने से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। जिले के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और सामाजिक संगठनों ने भी इन तीनों प्रतिभाओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# अग्रवाल युवक /युवती परिचय सम्मेलन 5 अप्रैल को



स्मार्ट हलचल

**बारां।** फरवरी अग्रवाल विकास परिषद समिति की मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें आगामी 5 अप्रैल को कोटा में होने वाला विशाल अग्रवाल युवक / युवती परिचय सम्मेलन करने पर चर्चा की गई।

मीटिंग में अतिथि के रूप में राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष गायत्री मित्तल रही मीटिंग के अध्यक्षता रीता मित्तल द्वारा की गई।

महिला प्रदेश अध्यक्ष संतोष गर्ग ने बताया कि विशाल अग्रवाल युवक /युवती परिचय सम्मेलन करने का प्रस्ताव रखा गया जिस पर राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद खटकीड़ा द्वारा सहमति प्रदान की गई और उन्होंने बताया कि परिचय सम्मेलन को सफल बनाने के लिए राजस्थान मध्य प्रदेश हरियाणा मैं सभी जगह छोटे-छोटे 100 केंद्र बनाए जाएंगे जिन पर रजिस्ट्रेशन किया जाएगा रजिस्ट्रेशन के लिए ऑनलाइन सुविधा भी उपलब्ध रहेगी ऑनलाइन फॉर्म भरने के लिए इस नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

संभाग अध्यक्ष अंजली गुप्ता ने बताया कि परिचय सम्मेलन आर आर रिजॉर्ट कोटा में 5 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा।

संरक्षक ललित ऐरण एवं महावीर जैन भामाशाह मंडी ने बताया कि बाहर से आने वाले सभी अग्रवाल समाज के लोगों के लिए भोजन व्यवस्था भी जाएगी। राष्ट्रीय महामंत्री महेन्द्र गर्ग ने बताया कि परिचय सम्मेलन में रंगीन पुस्तिका का भी प्रकाशन किया जाएगा एवं गुण मिलन की व्यवस्था भी की जाएगी मीटिंग रेखा अग्रवाल अनीता गर्ग वर्षा गोयल पूजा मित्तल सुरभि अग्रवाल आदि उपलब्ध रहे।

# गंदगी और कचरे से ग्रामीण परेशान





स्मार्ट हलचल | विराटनगर

नगर पालिका क्षेत्र में सफाई व्यवस्था बदहाल है। स्थाई अधिशासी अधिकारी की पोस्ट नहीं होने से सफाई व्यवस्था पूरी तरह से लाचार है। मुख्य बाजारों सहित आवासीय कॉलोनी में जगह-जगह कचरा के ढेर लगे हैं और उन पर आवारा पशु और मक्खी मच्छर मौसमी बीमारियों को न्योता दे रहे हैं। सफाई कर्मचारियों की कागजों में पूरी फौज है लेकिन धरातल पर विभिन्न वार्डों में कचरे के ढेर लगे हुए हैं। प्रत्येक माह सरकारी कोष से लाखों रुपए सफाई कर्मचारियों की तनख्वाह के नाम पर जेब भरी जाती है। लेकिन धरातल पर कुछ कर्मचारी ही कार्यरत है जिनके भरोसे पूरे नगर पालिका क्षेत्र की सफाई व्यवस्था निर्भर है। अतिरिक्त चार्ज वाले अधिशासी अधिकारी भी सफाई व्यवस्था को लेकर बेपरवाह है। जिसका खामियाजा गंदगी,बदबू,मच्छर और मौसमी बीमारियों के खतरे के रूप में आमजन को भुगतना पड़ रहा है।

# अलीगढ़ में मुमुक्षु बहिन यशवी जैन का भव्य स्वागत

स्मार्ट हलचल

टोंक/अलीगढ़। श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संस्थान, अलीगढ़-रामपुरा के तत्वावधान में मुमुक्षु बहिन यशवी जैन एवं उनके वीर परिवार के स्वागत-सत्कार का भव्य आयोजन किया गया।सकल जैन समाज ने दीक्षार्थी बहिन के आगामी संयम पथ की सराहना करते हुए उनका अभिनंदन किया।

बस स्टैंड पर उमड़ा जनसैलाब

मुमुक्षु बहिन के अलीगढ़ बस स्टैंड पहुंचते ही बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाएं और बालक-बालिकाएं दर्शन के लिए एकत्रित हुए। वरिष्ठ श्रावक घासीलाल मंडावरा व लालचंद रोहित ने वीर परिवार का आत्मीय स्वागत किया।



अलीगढ़ बस स्टैंड से मुमुक्षु बहिन को जयकारों और गगनभेदी नारों के बीच जुलूस के रूप में सदर बाजार होते हुए जैन स्थानक भवन ले जाया गया। मार्ग में महावीर गाडोली परिवार द्वारा प्रभावना वितरित की गई।

### भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम

स्थानक भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुमुक्षु यशवी जैन को सिंहासन पर विराजित किया गया। संचालन लड्डूलाल जैन (बराना) ने किया। श्राविकाओं ने मंगलाचरण और भजनों के माध्यम से दीक्षार्थी बहिन की वैराग्य भावना की सराहना की। गीतिकाओं और मुक्तकों के जरिए समाज ने उनके कठिन संयम मार्ग का अनुमोदन किया।

### गोद भराई की रस्म

संस्थान की कार्यकारिणी सहित ग्राम अलीगढ़ रामपुरा के सभी जैन समाज परिवारों ने मुमुक्षु बहिन की गोद भराई कर उन्हें मंगल आशीर्वाद दिया।

### 23 अप्रैल 2026 को नोखा में दीक्षा

अपने संबोधन में मुमुक्षु बहिन यशवी जैन ने 23 अप्रैल 2026 को नोखा में होने वाले अपने दीक्षा महोत्सव में समाजजनों को पधारने का भावपूर्ण निमंत्रण दिया।

अंत में संघ अध्यक्ष रविप्रकाश जैन (बराना) ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम के बाद संघ की ओर से अल्पाहार की व्यवस्था की गई।

# आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जाटव समाज के लोगों ने सड़क पर दिया धरना

स्मार्ट हलचल|सूरौठ

गांव भुकरावली में 4 मार्च को झगड़े में घायल हुए युवक रामवीर जाटव की जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल में उपचार के दौरान मृत्यु होने के पश्चात शनिवार को दोपहर परिजन युवक के शव को लेकर भुकरावली पहुंचे। आरोपियों की गिरफ्तारी सहित 12 सूत्रीय मांगों को लेकर जाटव समाज के लोगों ने शव को एम्बुलेंस में रखकर गांव के राजकीय उच्च मध्यमिक स्कूल के पास सड़क पर धरना दिया तथा विरोध जताया। सूचना मिलने पर हिंडौन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र पाल सिंह, एसडीएम हेमराज गुर्जर, डीएसपी मुनेश मीणा, सूरौठ



थाना प्रभारी सोहन सिंह गुर्जर सहित कई थानों की पुलिस गांव भुकरावली पहुंची तथा धरने पर बैठे लोगों से वार्ता की।

मृतक युवक रामवीर जाटव के शव को एम्बुलेंस में रखकर दोपहर 12 बजे के करीब परिजन गांव भुकरावली पहुंचे। गांव में शव के आते ही काफी भीड़ एकत्रित हो गई।शव को एम्बुलेंस में रखकर ग्रामीण राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल के पास भुकरावली सूरौठ मार्ग पर धरने पर बैठ गए तथा विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचे पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों से नामजद आरोपियों को गिरफ्तार करने, पीड़ित परिवार की आत्म सुरक्षा हेतु लाइसेंसी हथियार उपलब्ध करवाने, पीड़ितों की भूमि से अतिक्रमण हटवाने, पीड़ित परिवार को नौकरी देने एवं 50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने सहित 12 सूत्रीय मांगों को पूरा करने की बात कही। देर शाम तक अधिकारियों की समझाइस जारी रही।

# ट्रेन में यात्रा कर रहे दो संदिग्ध व्यक्तियों को सवाई माधोपुर में पकड़ा

**रेलवे सुरक्षा बल की सतर्कता से दोनों आरोपियों को गुजरात पुलिस को सौंपा गया**

स्मार्ट हलचल| कोटा

पश्चिम मध्य रेल के कोटा मंडल अंतर्गत सवाई माधोपुर स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल की सतर्कता से गाड़ी संख्या 12477 में यात्रा कर रहे दो संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़कर गुजरात पुलिस को सुपुर्द किया गया।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ जैन ने बताया कि सहायक सुरक्षा आयुक्त श्री ओमप्रकाश रावत द्वारा सवाई माधोपुर पोस्ट को सूचना दी गई कि उक्त ट्रेन में दो व्यक्ति गुजरात से हत्या की घटना के बाद भागकर यात्रा कर रहे हैं। सूचना मिलते ही गाड़ी की एस्कॉर्ट ड्यूटी में तैनात आरक्षक मुकेश मीणा ने गाड़ी में सर्च अभियान




चलाकर दोनों संदिग्ध व्यक्तियों को रोक लिया।

ट्रेन के सवाई माधोपुर स्टेशन पहुंचने पर उपनिरीक्षक भानु प्रताप सिंह एवं उपनिरीक्षक शेर सिंह मौके पर पहुंचे और एस्कॉर्ट स्टाफ से दोनों व्यक्तियों को अपने कब्जे में लेकर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट सवाई माधोपुर लाया गया, जहां उनसे पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान दोनों व्यक्तियों ने अपना नाम जसवीर सिंह उम्र 45 वर्ष तथा हरदेव सिंह पुत्र उम्र 34 वर्ष, निवासी अमृतसर (पंजाब) बताया।

इस संबंध में गुजरात राज्य के मेघपडाना थाना, जामनगर को सूचना दी गई। सूचना प्राप्त होने पर वहां से हेड कांस्टेबल लखनसिंह जडेजा अपने स्टाफ के साथ सवाई माधोपुर पहुंचे। उन्होंने बताया कि उनके थाने में धारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के अंतर्गत दोनों व्यक्तियों से पूछताछ की जानी है। इसके बाद उपनिरीक्षक पृथ्वीराज मीना द्वारा विधिवत कार्रवाई करते हुए दोनों संदिग्ध व्यक्तियों को गवाहों की उपस्थिति में मेघपडाना थाना, जामनगर (गुजरात) से आए हेड कांस्टेबल लखनसिंह जडेजा एवं उनकी टीम को सुरक्षित सुपुर्द कर दिया गया।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जीतो लेडीज विंग की कार रैली आज

स्मार्ट हलचल| कोटा

जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन (जीतो) कोटा लेडीज विंग की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च को नेशनल कार रैली का आयोजन किया जाएगा। रैली का उद्देश्य थैलेसीमिया उन्मूलन और कैंसर के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना है।

लेडीज विंग की चेयरपर्सन मंजु लुंकड़ ने बताया कि रैली के उपरांत महिलाओं और आमजन के लिए चिकित्सकों का टॉक शो आयोजित



किया जाएगा, जिसमें विशेषज्ञ डॉक्टर कैंसर और थैलेसीमिया की रोकथाम, समय पर जांच तथा उपचार के संबंध में जानकारी देंगे। उन्होने बताया कि 8 मार्च को भारत देश के विभिन्न प्रदेशो 100 से अधिक चेप्टर रैली का आयोजन करेगे। प्रोग्राम संयोजिका प्रीति जैन तथा सह संयोजिका नेहा जैन ने बताया कि कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने किया। लेडीज विंग की चीफ सेक्रेटरी रेखा जैन के अनुसार रैली 8 मार्च को प्रातः 6:30 बजे श्री उम्मेद क्लब से प्रारंभ होगी। रैली का मार्ग उम्मेद क्लब से जेडीबी, कोटड़ी, एरोड्रम चौराहा, कॉमर्स कॉलेज, केशवपुरा, सीएडी, टीलेश्वर महादेव, जीएम प्लाजा और अग्रसेन सर्किल होते हुए पुनः उम्मेद क्लब तक रहेगा। प्रोग्राम संयोजिका प्रीति जैन तथा सह संयोजिका नेहा जैन ने बताया कि रैली के समापन पर डॉ. रतना जैन, डॉ. पी.एस. झा, आशीमा विजय और डॉ. परवीन शंकर झा कैंसर एवं थैलेसीमिया से बचाव, समय पर जांच और उपचार के विषय में उपस्थितजनों को संबोधित करेंगे।

कोटा के चेयरमैन पंकज सेठी और चीफ सेक्रेटरी नरेंद्र जैन ने बताया कि कि रैली का उद्देश्य महिलाओं सहित समाज के विभिन्न वर्गों में स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देना तथा नियमित चिकित्सा जांच के प्रति प्रेरित करना है।

कार्यक्रम की तैयारियों में कपिल जैन,निखिल जैन, नेहा जैन, चित्रा बागरेचा, सुमन मुनोत, नीरा जैन, पिंकी बागरेचा, सोनिया सांखला, मीना जैन और अनीता जैन सहित लेडीज विंग की सदस्याएं सक्रिय रूप से जुटी हुई हैं। वहीं यूथ विंग से सिद्धार्थ जैन और ईशान गोधा सहित अन्य सदस्य भी व्यवस्थाओं में सहयोग कर रहे हैं।चेयरपर्सन मंजु लुंकड़ ने बताया कि रैली में भाग लेने के लिए अब तक 100 से अधिक महिलाओं ने पंजीकरण कराया है।

# श्री सांवलिया मंदिर मंडल के जेसीबी सहित नये वाहनों का पूजन

**मण्डफिया।** श्री सांवलिया जी मंदिर मंडल द्वारा शनिवार को एक जेसीबी मशीन, दो ट्रैक्टर एवं एक इक्को एम्बुलेंस का विधि विधान के साथ शुभारंभ किया गया।

जानकारी के अनुसार श्री सांवलिया जी मंदिर मंडल द्वारा मंदिर क्षेत्र की व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक जेसीबी मशीन, दो ट्रैक्टर एवं एक छोटी इक्को एम्बुलेंस क्रय की गई जिसका शनिवार को पंडित विश्वनाथ आमेटा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कर वाहनों का शुभारंभ किया गया। मंदिर मंडल के अनुसार इन वाहनों के क्रय से मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में सफाई, निर्माण कार्यों तथा अन्य व्यवस्थाओं को बेहतर ढंग से संचालित करने में सहायता मिलेगी। साथ ही इक्को एम्बुलेंस के माध्यम से आपातकालीन स्थिति में श्रद्धालुओं को त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जा सकेगी।

कार्यक्रम के दौरान मंदिर मंडल के प्रशासनिक अधिकारी राजेन्द्र सिंह, पुल प्रभारी सत्तार मोहम्मद, अर्पित तिवारी सहित मंदिर मंडल के कर्मचारी उपस्थित रहे।



## थिएटर मालिकों को मिल रही धमकियां : विपुल शाह

बॉलीवुड फिल्म 'द केरल स्टोरी 2' के निर्माता विपुल अमृतलाल शाह का आरोप है कि केरल और चेन्नई के कई सिनेमाघरों पर फिल्म न दिखाने का दबाव बनाया जा रहा है। विपुल शाह ने दोनों राज्यों के प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की अपील की है। उनका कहना है कि थिएटर मालिकों को धमकियां मिल रही हैं ताकि वे फिल्म की स्क्रीनिंग रोक दें। उन्होंने कहा कि अदालत का आदेश स्पष्ट है और उसका पालन होना चाहिए। उन्होंने यह भी जोड़ा कि जब फिल्म पर स्टे था, तब टीम ने पूरी तरह कानून का सम्मान किया और किसी भी तरह की अवैध स्क्रीनिंग नहीं की। ऐसे में यदि केवल फिल्म निर्माता से कानून पालन की अपेक्षा रखी जाए और धमकी देने वालों के खिलाफ कार्रवाई न हो, तो न्याय व्यवस्था का संतुलन बिगड़ जाता है। शुक्रवार को केरल हाई कोर्ट ने फिल्म की रिलीज पर लगी अंतरिम रोक हटा दी थी। यह फैसला डिवीजन बेंच द्वारा स्टे हटाए जाने के बाद आया, जो पहले सिंगल बेंच ने लगाया था। अदालत के आदेश के बाद फिल्म की स्क्रीनिंग का रास्ता साफ हुआ और फिल्म दोबारा सिनेमाघरों में दिखाई जाने लगी। विपुल शाह का दावा है कि जिन स्थानों पर फिल्म प्रदर्शित हो रही है, वहां दर्शकों का रिएक्शन बेहद सकारात्मक है। थिएटर मालिक और डिस्ट्रीब्यूटर भी फिल्म के प्रदर्शन से संतुष्ट हैं और आने वाले दिनों में शो और स्क्रीन बढ़ाने की योजना बना रहे हैं। कलेक्शन की बात करें तो कामाख्या नारायण सिंह के निर्देशन में बनी 'द केरल स्टोरी 2' ने पहले दिन 75 लाख रुपये कमाए थे। दूसरे दिन 4.65 करोड़ रुपये की कमाई के साथ फिल्म का कुल कलेक्शन 5.40 करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है। बता दें कि विपुल अमृतलाल शाह और सुदिप्तो सेन की फिल्म 'द केरल स्टोरी' लंबे समय तक विवादों में घिरी रही थी। फिल्म की रिलीज पर केरल हाई कोर्ट द्वारा लगाई गई रोक ने मामले को और तूल दिया, लेकिन 27 फरवरी को अदालत से हरी झंडी मिलने के बाद इसके सीक्वल 'द केरल स्टोरी 2' आखिरकार सिनेमाघरों तक पहुंच गई।

## सोनू सूद फिर आए मदद को आगे



मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद एक बार फिर जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आए हैं। इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण कई देशों में हवाई सेवाएं प्रभावित हुई हैं, जिससे दुबई में कई लोग फंस गए हैं। इस स्थिति को देखते हुए सोनू सूद ने वहां फंसे लोगों को सुरक्षित आवास उपलब्ध कराने की पेशकश की है। अभिनेता ने सोशल मीडिया के जरिए कहा कि जो लोग दुबई में फंसे हुए हैं और असहाय महसूस कर रहे हैं, वे उनसे संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि उनकी टीम जरूरतमंदों को सुरक्षित रहने की व्यवस्था कराने में हर संभव मदद करेगी। सोनू सूद इससे पहले भी कई मानवीय कार्यों के लिए चर्चा में रह चुके हैं। कोविड-19 के दौरान उन्होंने हजारों प्रवासी मजदूरों को उनके घर पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। इसके बाद से लोग उन्हें 'मसीहा' के नाम से भी पुकारने लगे। फैंस और सोशल मीडिया यूजर्स ने इस पहल की जमकर सराहना की है। लोगों का कहना है कि कठिन परिस्थितियों में भी सोनू सूद हमेशा मदद के लिए तैयार रहते हैं।



## संदीपा ने की अपनी फिल्म दो दीवाने सहर में की तारीफ

हाल ही में रिलीज हुई फिल्म दो दीवाने सहर में अभिनेत्री संदीपा धर नजर आईं। इस फिल्म में संदीपा ने नैना नाम की एक ऐसी लड़की का किरदार निभाया है जो बाहर से तो परफेक्ट दिखती है, लेकिन अंदर से बेहद अकेली है। अपने किरदार के बारे में संदीपा ने बताया कि इस फिल्म को चुनने की सबसे बड़ी वजह नैना का जटिल और गहराई वाला किरदार था। उनके अनुसार, बाहरी खुशहाल छवि के पीछे छिपी उथल-पुथल और टूटे हुए एहसासों को परदे पर दिखाना एक कलाकार के रूप में चुनौतीपूर्ण होने के साथ बेहद रोमांचक भी रहा। संदीपा ने फिल्म की कहानी की भी जमकर तारीफ की और कहा कि लंबे समय बाद दर्शकों के सामने ऐसी अनूठी प्रेम कहानी आई है, जो सामान्य रोमांस से अलग है। यह दो ऐसे लोगों की कहानी है जो अपनी-अपनी कमजोरियों को पहचानते हैं, उन्हें स्वीकार करते हैं और एक-दूसरे को अपनाते हुए अपनी जिंदगी में आगे बढ़ते हैं। उनके मुताबिक, हीरो-हीरोइन द्वारा अपनी कमियों को स्वीकारते हुए प्यार चुनने वाली कहानियां आजकल बहुत कम देखने को मिलती हैं। फिल्म की रिलीज के बाद संदीपा धर बेहद संतुष्ट हैं। उन्होंने कहा कि फिल्म बिल्कुल उसी तरह बनी है जैसा उन्होंने उम्मीद की थी और उनका किरदार भी दर्शकों द्वारा उसी रूप में स्वीकार किया गया। उन्होंने बताया कि फिल्म के दूसरे हिस्से में उनका और अभिनेत्री मृणाल ठाकुर का टकराव वाला सीन काफी महत्वपूर्ण था, और यह दर्शकों के बीच खासा चर्चित भी रहा। कई लोगों ने उस सीन से खुद को जोड़कर उनकी तारीफ की है। फिल्म का निर्देशन रवि उदयवार ने किया है, जबकि इसे प्रतिष्ठित फिल्ममेकर संजय लीला भंसाली, प्रेरणा सिंह, उमेश कुमार बंसल और भरत कुमार ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। संदीपा ने भंसाली के प्रोडक्शन हाउस में काम करने के अनुभव को खास बताते हुए कहा कि उनका विजुअल विजन हमेशा की तरह बेहद प्रभावशाली है।

## 'सैयारा' की सफलता के बाद अहान पांडे ने झेली महीनों तकलीफ़

अपनी डेब्यू फिल्म सैयारा से साल 2025 में बॉलीवुड के उभरते अभिनेता अहान पांडे ने धमाकेदार पहचान बनाई थी। इस सफलता के पीछे एक ऐसा दर्द था, जिसे अब अहान ने पहली बार साझा किया है। एक्टर ने खुलासा किया कि फिल्म रिलीज होने के तुरंत बाद उन्हें जिंदगी की सबसे तकलीफदेह सर्जरी से गुजरना पड़ा, जिसने उन्हें महीनों तक सामान्य जीवन से दूर रखा। अहान ने एक इंटरव्यू में बताया कि उन्हें पिछले साल एक बड़ी सर्जरी करानी पड़ी, जो बेहद दर्दनाक रही। उन्होंने कहा कि उनका शरीर इतनी परेशानी से गुजरा कि लंबे समय तक वे न तो सामान्य तौर पर चल-फिर पा रहे थे और न ही वजन उठा पा रहे थे। यह स्थिति उनके लिए शारीरिक और मानसिक, दोनों स्तर पर चुनौती बन गई। कुछ साल पहले हुए एक स्नोमोबाइल हादसे का असर उनके कंधे पर गंभीर रूप से पड़ा था। चोट इतनी गहरी थी कि समय के साथ यह बढ़ती ही चली गई और जिम में वर्कआउट करना उनके लिए लगभग असंभव हो गया। आखिरकार उन्होंने सर्जरी का निर्णय लिया, हालांकि डॉक्टर ने उन्हें पहले ही चेतावनी दे दी थी कि ऑपरेशन के बाद उनका शरीर पहले जैसा नहीं रह पाएगा और फिल्मों के लिए जरूरी फिजिक हासिल करना उनके लिए बेहद मुश्किल होगा। अहान के मुताबिक, वह हमेशा उन एक्टर्स से प्रेरणा लेते रहे हैं जो जिम में जाकर अपनी बॉडी में जबरदस्त बदलाव लाने में सफल होते हैं। लेकिन उनका मामला बिल्कुल अलग था—वे अनहेल्दी शरीर नहीं, बल्कि एक गंभीर चोट से जूझ रहे थे। उन्होंने बताया कि पहले चलना-फिरना भी मुश्किल था, फिर वे वजन नहीं उठा पाते थे, और अंत में महीनों की मेहनत के बाद वे फिर से वेटलिफ्टिंग करने की स्थिति में आए। सर्जरी के बाद वे लंबे समय तक हाथ पर प्लास्टर बांधे रहे, लेकिन उन्होंने इसे सार्वजनिक नहीं होने दिया। अपने दर्द को छुपाकर उन्होंने खुद को दोबारा खड़ा किया और अब वापस अपने फिटनेस रूटीन में लौट आए हैं। अहान पांडे की कहानी सिर्फ एक अभिनेता की सफलता का किस्सा नहीं है, बल्कि यह उन कठिन रास्तों की भी दास्तान है, जिन्हें वे पर्दे के पीछे चुपचाप पार करते हैं। 'सैयारा' की सफलता के बाद आज अहान का नाम तेजी से ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है, लेकिन इस सफर में उनकी जिद, जुझारूपन और संघर्ष सबसे ज्यादा चमकते हुए नजर आते हैं। बता दें कि मोहित सूरी के निर्देशन में बनी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बड़ी हिट साबित हुई और अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली लव स्टोरी फिल्म बन गई।




## श्रद्धा और वरुण के बचपन की कहानी है बेहद दिलचस्प



एक इंटरव्यू में बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने खुलासा किया कि जब वह केवल 8 साल की थीं, तब उन्होंने वरुण को प्रपोज किया था। दोनों अपने-अपने पिता के साथ एक फिल्म के सेट पर गए थे। वहां खेलने के दौरान वे एक छोटी पहाड़ी पर चढ़ गए और इसी मासूमियत भरे माहौल में श्रद्धा ने वरुण के सामने अपना दिल खोल दिया। श्रद्धा कपूर और वरुण धवन की ऑन-स्क्रीन जोड़ी हमेशा पसंद की जाती रही है, लेकिन इन दोनों की बचपन की एक कहानी इससे भी ज्यादा दिलचस्प है। श्रद्धा ने बताया कि उन्होंने वरुण को प्रपोज करने के लिए एक मजेदार तरीका निकाला। उन्होंने कहा कि वह कुछ उल्टा बोलेंगी और वरुण को उसे समझना होगा। श्रद्धा ने मजाक में कहा 'यू लव आई' जो उल्टा पढ़ने पर 'आई लव यू' होता है। इस पर छोटे वरुण घबरा गए और बोले, 'मुझे लड़कियां पसंद नहीं हैं,' ' और तुरंत वहां से दौड़कर भाग गए। श्रद्धा ने यह किस्सा एक यूट्यूब इंटरव्यू में हंसते हुए साझा किया था। बड़े होकर दोनों कई फिल्मों में साथ नजर आए। दोनों ने एबीसीडी 2, स्ट्रीट डांसर 3डी में शानदार केमिस्ट्री दिखाई। इसके अलावा, वे स्त्री 2 में भी स्पेशल अपीयरेंस में नजर आए, जिसे लोगों ने खूब पसंद किया। साल 2010 में श्रद्धा कपूर ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत फिल्म तीन पत्ती से की थी। 2011 में वह लव का द एंड में दिखाई दीं, लेकिन उन्हें असली पहचान मिली मोहित सूरी की रोमांटिक फिल्म आशिकी 2 से। इस फिल्म में उनके साथ अभिनेता आदित्य रॉय कपूर थे। फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित हुई और श्रद्धा को कई अवॉर्ड नॉमिनेशन मिले। फिल्म में आदित्य रॉय कपूर ने गायक राहुल जयकर की भूमिका निभाई थी, जो शराब की लत के कारण अपना करियर खो देता है, जबकि श्रद्धा ने आरोही शिरके का किरदार निभाया, जो उनकी मदद से एक सफल सिंगर बनती है। इसके बाद श्रद्धा ने कई सफल फिल्मों में काम किया, जिनमें एक विलेन, बागी, हाफ गर्लफ्रेंड, स्त्री, छिछोरे, और तू झूठी मैं मक्कार शामिल हैं। हाल ही में उनकी फिल्म स्त्री 2 ने दुनियाभर में 800 करोड़ से ज्यादा की कमाई करते हुए बड़ी हिट साबित हुई।



## बॉलीवुड को अक्सर गलत तरीके से किया जाता है पेश: सुनील शेट्टी

बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री की लगातार खराब की जा रही छवि पर हाल ही में अभिनेता सुनील शेटटी ने खुलकर अपनी बात रखी है। एक इवेंट में उन्होंने कहा कि हिंदी फिल्म जगत को अक्सर गलत तरीके से पेश किया जाता है, जबकि इंडस्ट्री में ऐसे कई कलाकार और तकनीशियन हैं, जो पूरी ईमानदारी और मेहनत के साथ गुणवत्तापूर्ण सिनेमा बनाने के लिए समर्पित हैं। उनका कहना था कि दर्शकों को यह समझना चाहिए कि पूरी इंडस्ट्री नकारात्मकता से भरी नहीं होती। सुनील के मुताबिक, बॉलीवुड से जुड़े लोग लगातार सुर्खियों में रहते हैं, इसलिए उनके बारे में सकारात्मक से ज्यादा नकारात्मक बातें फैलती हैं। उन्होंने कहा, 'जब आप एक्टर, सिंगर, खिलाड़ी या एंटरटेनर होते हैं, तो आप हमेशा जनता की नजरों में रहते हैं। ऐसे में आपके बारे में अच्छी और बुरी दोनों तरह की बातें कही जाती हैं, जो कई बार स्थिति को चुनौतीपूर्ण बना देती हैं।' उन्होंने आगे कहा कि बॉलीवुड पर अक्सर गलत नैरेटिव थोप दिया जाता है। कई लोग मानते हैं कि अगर ड्रग्स या मी टू जैसे मामले सामने आए हैं तो वे केवल फिल्म इंडस्ट्री तक सीमित हैं, जबकि हकीकत यह है कि ऐसा समाज के हर हिस्से में होता है। सुनील के अनुसार इंडस्ट्री में बड़ी संख्या में मेहनती, सजग और प्रतिभाशाली लोग काम कर रहे हैं, लेकिन नकारात्मक कंटेंट आज के समय में टीआरपी और व्यूज का आसान जरिया बन चुका है, इसलिए आलोचना ज्यादा दिखाई देती है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आज मुद्दा यह नहीं रहा कि खबर सही है या नहीं, बल्कि यह कि कौन इसे सबसे पहले प्रस्तुत करता है। बातचीत के दौरान सुनील ने अपने बेटे अहान शेटटी को दी गई सीख के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि वे हमेशा अहान को पहले एक अच्छा इंसान बनने की सलाह देते हैं, क्योंकि इंसानियत ही किसी को लंबी दौड़ का खिलाड़ी बनाती है। अहान हाल ही में फिल्म बार्डर 2 में नजर आए थे, जो सुनील शेट्टी की प्रतिष्ठित फिल्म 'बॉर्डर' का स्पिरिचुअल सीक्वल है। यह फिल्म 23 जनवरी को रिलीज हुई और भारत में 327 करोड़ रुपये की शानदार कमाई कर बॉक्स ऑफिस पर बड़ी सफलता बन गई।

## छलका आयशा खान का दर्द

एक्ट्रेस आयशा खान इन दिनों अपने हालिया खुलासों को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने बताया कि एक बार उन्हें केवल शरीर के आकार के कारण एक गाने से बाहर कर दिया गया था। आयशा ने कहा कि उन्हें 'मोटी' कहकर प्रोजेक्ट से हटाया गया, जिससे उन्हें काफी मानसिक आघात पहुंचा। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने यह भी खुलासा किया कि सोशल मीडिया पर उन्हें रोजाना अश्लील संदेश और धमकियां मिलती हैं। आयशा के मुताबिक इंस्टाग्राम पर कई लोग उन्हें सेक्शुअलाइज करते हैं और कुछ यूजर्स तो रेप की धमकियां तक देते हैं। अभिनेत्री ने कहा कि इस तरह की घटनाएं मानसिक रूप से बेहद परेशान करने वाली होती हैं, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। उनका मानना है कि कलाकारों को भी सम्मान और सुरक्षित माहौल मिलना चाहिए। आयशा खान हाल ही में फिल्म 'धुरंधर' के गाने 'शरारत' में नजर आई थीं, जिसमें उनकी परफॉर्मेंस को दर्शकों ने काफी पसंद किया। इसके बावजूद उन्होंने कहा कि इंडस्ट्री में बॉडी शेमिंग और ऑनलाइन ट्रोलिंग जैसी समस्याएं अब भी गंभीर रूप से मौजूद हैं।





## फिल्म मालामाल विकली का बनने जा रहा है सीक्वल

कॉमेडी से भरपूर फिल्म मालामाल विकली का सीक्वल बनने जा रहा है। करीब बीस पूर्व रीलिज हुई प्रियदर्शन की इस कल्ट कॉमेडी ने एक गुम हुए लॉटरी टिकट की कहानी को लेकर दर्शकों को खूब हंसाया था। अब इसके सीक्वल की खबर से फैंस फिर से उत्साहित हैं। फिल्म में परेश रावल राजपाल यादव, रितेश देशमुख और दिवंगत ओम पुरी ने यादगार भूमिकाएं निभाई थीं। हालांकि 'मालामाल वीकली 2' की आधिकारिक घोषणा अभी बाकी है, मगर फिल्म के मुख्य अभिनेता परेश रावल ने इस खबर पर अपनी मुहर लगा दी है। उन्होंने बताया, 卐हां, यह सच है। मैं इस फिल्म का हिस्सा हूं और हम इसे कर रहे हैं।卐 पहली फिल्म में लॉटरी टिकट बेचने वाले लीलाराम की भूमिका निभाने वाले परेश रावल दोबारा इसी किरदार में कमाल दिखाने की तैयारी में हैं। दिलचस्प रूप से, साल 2012 में कमाल धमाल मालामाल रिलीज़ हुई थी, जिसे 'मालामाल वीकली' का रीबूट माना गया था। इसमें भी परेश रावल के साथ राजपाल यादव, ओम पुरी और नाना पाटेकर ने बेहतरीन अभिनय से कॉमेडी का स्तर ऊंचा रखा था। हालांकि उस समय इसे आधिकारिक सीक्वल नहीं कहा गया था, लेकिन इस बार फिल्म के सीधे सीक्वल की पुष्टि ने पुराने दर्शकों की यादें ताजा कर दी हैं। इस बीच परेश रावल दूसरी फिल्म भागमभाग 2 को लेकर भी चर्चा में हैं, जो उनकी 2006 की सुपरहिट फिल्म का सीक्वल है।

इस बार फिल्म में बड़ा बदलाव यह है कि गोविंदा की जगह मनोज बाजपेयी नजर आएंगे, जिससे कहानी और प्रस्तुति में नए रंग जुड़ने की उम्मीद है। वर्कफ्रंट की बात करें तो परेश रावल आने वाले महीनों में कई बड़ी फिल्मों के साथ दर्शकों के बीच लौटने वाले हैं। प्रियदर्शन के निर्देशन में बनी फिल्म भूत बंगला में वे अक्षय कुमार के साथ नजर आएंगे, जो 10 अप्रैल 2026 को रिलीज होगी। इसके साथ ही, सुपरहिट तिकड़ी अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और परेश रावल फिर से दर्शकों का मनोरंजन करेगी क्योंकि अभिनेता फिल्में वेलकम टू द जंगल और हेराफेरी 3 में भी नजर आएंगे।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com